
Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 248 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, सोमवार 24 मार्च 2025 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



भूत सपना, भविष्य कल्पना,
वर्तमान अपना, प्रभु नाम जपना।

Past is dream, future is imagination,
Present is our, we should remember God.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### जम्मू-कश्मीर : डोडा में भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि यह बरामदगी डोडा की भद्रवाह तहसील के भलरा इलाके में तलाशी के दौरान की गई। अधिकारियों ने कहा, संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान, एके-सीरीज के 25 कारतूस, एक पिस्तौल, तीन पिस्तौल मैगजीन और पिस्तौल के छह कारतूस बरामद किए गए हैं। यह एक महत्वपूर्ण जब्ती है जो क्षेत्र में उपद्रवी तत्वों की मौजूदगी को दर्शाती है।

### औरंगजेब भारत के लोगों का आइकॉन नहीं हो सकता : संघ

**बेंगलुरू (आरएनएस)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने आज कहा कि क्या औरंगजेब भारत के लोगों के लिए आइकॉन हो सकता है। औरंगजेब ने जो किया इसके लिए उसको आइकॉन नहीं मानना चाहिए। देश का आइकॉन कोई बाहरी होगा या फिर कोई और। इस पर चिंतन की जरूरत है। आज RSS की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की तीन दिवसीय बैठक का आखिरी दिन है। प्रेस कांफ्रेंस में होसबाले ने कर्नाटक में सरकारी कॉन्ट्रैक्ट में 4 प्रतिशत मुस्लिम आरक्षण पर भी सवाल उठाया।

## राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु आज छत्तीसगढ़ प्रवास पर, विधानसभा के रजत जयंती समारोह में होंगी शामिल

**सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम**

**रायपुर (विश्व परिवार)।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु 24 मार्च को छत्तीसगढ़ के एक दिवसीय दौरे में राजधानी रायपुर पहुंचेंगी और छत्तीसगढ़ विधानसभा के रजत जयंती समारोह में शामिल होंगी।

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु 24 मार्च को प्रातः 10:35 बजे स्वामी विवेकानंद विमानतल रायपुर पहुंचेंगी और सीधे छत्तीसगढ़ विधानसभा के लिए रवाना होंगी। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु प्रातः 11:15 बजे से छत्तीसगढ़ विधानसभा के रजत जयंती समारोह में शामिल होंगी। कार्यक्रम में राज्यपाल श्री रमेन डेका, मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष श्री चरणदास महंत सहित विधानसभा के सदस्यगण उपस्थित रहेंगे। महामहिम, छत्तीसगढ़ विधानसभा में विधायकों को संबोधित करेंगी.

द्रौपदी मुर्मू विधानसभा के संयुक्त विधायक दल को संबोधित करने वाली तीसरी राष्ट्रपति होंगीं. इसके पहले डॉक्टर अब्दुल कलाम और प्रतिभा पाटिल छत्तीसगढ़ विधानसभा के संयुक्त



विधायक दल को संबोधित कर चुके हैं.

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के दौरे को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं. रायपुर एयरपोर्ट से लेकर विधानसभा तक चाक चौबंद व्यवस्था की गई है. राष्ट्रपति के आगमन पर सुरक्षा को लेकर रविवार को फाइनल रिहर्सल किया गया. राष्ट्रपति के प्रवास के दौरान एयरपोर्ट से विधानसभा तक का रास्ता नो मैन्स लैंड घोषित किया गया है. इस दौरान कोई भी इस रास्ते पर नहीं आ जा सकेगा. राष्ट्रपति की सुरक्षा को 4 सेक्टर में बांटा गया है. सुरक्षा में ट्रैफिक जवानों समेत पुलिस के करीब 700 अधिकारी और जवान तैनात रहेंगे. पूरी सुरक्षा की कमान रायपुर आईजी और एसएसपी को सौंपी गई है.

प्राप्त जानकारी के अनुसार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को विशेष विमान से रायपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगी. वहां से वे सीधे छत्तीसगढ़ विधानसभा जाएंगी. जहां सबसे पहले संयुक्त विधायक दल के साथ ग्रुप फोटो होगा. इसके बाद वह पौधारोपण करेंगी. इसके बाद सभी विधायकों के सदन में प्रवेश करने तक राष्ट्रपति अपने लिए बनाए गए विशेष कक्षा में कुछ समय विश्राम करेंगी. इसके बाद राष्ट्रपति राज्यपाल द्वार से सदन में प्रवेश करेंगी, उनके साथ राज्यपाल रमेन डेका, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, मुख्यमंत्री साय, नेता प्रतिपक्ष, संसदीय कार्य मंत्री भी होंगे. विधानसभा भवन के दाहिने ओर स्थित यह राज्यपाल द्वार ऐसे विशेष अवसर के साथ वर्ष में एक बार ही खुलता है, जब बजट सत्र के दौरान अभिभाषण के लिए राज्यपाल का आगमन होता है.

## जस्टिस यशवंत वर्मा के घर के अंदर का वीडियो SC ने किया जारी, 4-5 बोरियों में थे अधजले नोट

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली हाईकोर्ट के जज जस्टिस वर्मा के घर के अंदर की पहली तस्वीर सामने आ गई है। तस्वीरों में जले हुए नोट साफ दिख रहे हैं। जस्टिस यशवंत वर्मा के घर मिले कैश को लेकर जांच के लिए कमेटी गठित कर दी गई है। लेकिन उससे पहले उनके घर के अंदर की पहली तस्वीर सामने आ गई है। तस्वीरों को सुप्रीम कोर्ट ने अपनी वेबसाइट पर जारी किया है।



साथ जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है, 'जिस कमरे में आग लगी थी वहां आग के काबू में आने के बाद, 4-5 अधजली बोरियां मिली हैं, जिनके अंदर भारतीय मुद्रा भरे होने के अवशेष मिले हैं। साथ ही इस मामले से जुड़ी दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की रिपोर्ट सार्वजनिक हो गई है और इसके साथ ही ?जस्टिस वर्मा का जवाब भी सार्वजनिक कर दिया गया है। मामले से जुड़े दस्तावेज भी वेबसाइट पर डाले गए हैं।

सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है, 'सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस ने दिल्ली हाईकोर्ट के वर्तमान जज जस्टिस यशवंत वर्मा के विरुद्ध आरोपों की जांच करने के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की है, जिसमें पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस शील नागू, हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस जी.एस. संधावालिया और कर्नाटक हाईकोर्ट की न्यायाधीश जस्टिस अनु शिवरामन शामिल हैं। दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस को फिलहाल जस्टिस यशवंत वर्मा को कोई न्यायिक कार्य न सौंपने के लिए कहा गया है। दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने अपनी रिपोर्ट दी है।

वहीं जस्टिस यशवंत वर्मा ने यहां अपने सरकारी आवास पर नोट बरामदगी विवाद में लगे आरोपों को बेबुनियाद बताया है। जस्टिस वर्मा ने कहा कि उनके या उनके परिवार के किसी सदस्य द्वारा स्टोर रूम में कभी भी कोई नकदी नहीं रखी गई। दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को सौंपे गए अपने जवाब में जस्टिस वर्मा ने कहा कि उनके आवास पर नकदी मिलने के आरोप स्पष्ट रूप से उन्हें फंसाने और बदनाम करने की साजिश प्रतीत होती है।

## मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का ऐलान- त्र्यंबकेश्वर में कुम्भ मेले से पहले विकास कार्य होंगे पूरे

**नासिक (आरएनएस)।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को त्र्यंबकेश्वर और नासिक में 2027 के सिंहस्थ कुंभ मेले की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि समय पर सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएंगी और इस काम में धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी।



फडणवीस ने कहा कि त्र्यंबकेश्वर मंदिर और आसपास के इलाके के विकास के लिए योजना तैयार की गई है। इससे पहले उन्होंने त्र्यंबकेश्वर मंदिर में दर्शन किए और कुशावर्त तीर्थ का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि कुंभ मेले के लिए कॉरिडोर, पार्किंग, शौचालय, मंदिर और तालाबों की मरम्मत जैसे काम किए जाएंगे। साथ ही ब्रह्मगिरि क्षेत्र में प्राकृतिक रास्ते बनाए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने पानी की शुद्धता पर जोर देते हुए कहा कि इसके लिए एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) नेटवर्क की योजना बनाई गई है। उन्होंने वादा किया कि कुंभ मेले से पहले सभी काम पूरे होंगे। फडणवीस ने कहा, इसके लिए बड़ी रकम चाहिए होगी, लेकिन राज्य सरकार धन की कमी नहीं आने देगी। हम जरूरी फंड मुहैया कराएंगे।

## भोरमदेव महोत्सव की तैयारियां जोरों पर, 26 और 27 मार्च को आयोजन

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष समेत मंत्री होंगे शामिल

**कबीरधाम (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक भोरमदेव महोत्सव की तैयारी जारी है। यह महोत्सव 26 और 27 मार्च को आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रदेश की समृद्ध संस्कृति, लोककला और परंपराओं का भव्य प्रदर्शन किया जाएगा।



कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बताया कि भोरमदेव महोत्सव के शुभारंभ व समापन अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा समेत सांसदों और अन्य जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाना प्रस्तावित है। महोत्सव के दोनों दिनों में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की उपस्थिति भी रहेगी। इस लिहाज से महोत्सव स्थल पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। महोत्सव को भव्य बनाने के लिए विशेष मंच निर्माण, आकर्षक साज-सज्जा, रोशनी की उत्तम व्यवस्था और उच्च कोटि के साउंड सिस्टम पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और आगंतुकों के बैठने की उत्तम व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। महोत्सव के दौरान बॉलीवुड, लोक कलाकारों की विशेष प्रस्तुतियां, पारंपरिक नृत्य-संगीत, हस्तशिल्प प्रदर्शनी और स्थानीय व्यंजनों के स्टॉल मुख्य आकर्षण होंगे। मैकल पर्वत श्रृंखला की सुरम्य वादियों में स्थित भोरमदेव मंदिर, अपनी अद्भुत शिल्पकला और स्थापत्य के कारण छत्तीसगढ़ का खजुराहो कहा जाता है।

## आईएएस पदोन्नत, नए चयनित, सेवानिवृत्त और नव निर्वाचित के सम्मान में आयोजित हुआ छत्तीसगढ़ प्रशासनिक संघ सम्मेलन

**बतौर मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव और मुख्य वक्ता पत्रकार सौरभ द्विवेदी हुए सम्मिलित**

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ राज्य प्रशासनिक सेवा संघ (CASA) की ओर से शनिवार को मायरा रिजॉर्ट में सम्मान समारोह और सुफी नाइट आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य- नए चयनित अधिकारियों, आईएएस पदोन्नत अधिकारियों और सेवानिवृत्त अधिकारियों का सम्मान करना और निर्वाचन के माध्यम से नए पदाधिकारियों को संघ का दायित्व सौंपना था। बतौर मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने सम्मेलन को संबोधित किया और बतौर वक्ता लल्लनटॉप के संपादक श्री सौरभ द्विवेदी ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। सुफी नाइट संध्या का सभी प्रशासनिक अधिकारियों ने सपरिवार आनंद लिया।



मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने कहा कि शासन की योजनाओं को हर वर्ग तक पहुंचाने में प्रशासनिक अधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित करने में भी राज्य के प्रशासनिक अधिकारी कुशल हैं। हमेशा मुस्कुराते हुए चुनौतियों का सामना करने की आदत होनी चाहिए, क्योंकि प्रशासनिक तंत्र का स्वरुप ऐसा है कि टीम जब काम करती है तब सफलता निश्चित है। राज्य के अधिकारियों की विशेषता है कि इन्हें क्षेत्रीय आवश्यकताओं की समझ है और योजनाओं के क्रियान्वयन में निरंतर भूमिका निभाते हैं। आप सभी के लिए अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना बेहद आवश्यक है क्योंकि किसी भी परिस्थिति में औचक निरीक्षण-परीक्षण का कार्य आप करते हैं।

बतौर वक्ता पत्रकार सौरभ द्विवेदी ने व्याख्यान के दौरान कहा कि प्रशासनिक अधिकारी तक अगर पहुंच सहज और सुलभ हो तो फरियादी का आधा दर्द वहीं खत्म हो जाता है, उसे सहारा मिल जाता है। यदि फरियादी की समस्या ध्यान से सुनकर उन्हें नीतिगत और वैधानिक तथ्यों को समझाया जाए तो दोनों ही पक्ष के लिए काम करना आसान हो जाता है। प्रशासन में दायित्व संभाल रही महिलाओं पर दोहरी जिम्मेदारी है इसलिए समय पर अपने खानपान और आराम का विशेष ध्यान रखें। दबावों के बीच कार्य करना आपकी विशेषता है लेकिन भरपुर सांस लेते रहिए, यह एक कला है जो आपके आत्मविश्वास और सुखद अनुभव के लिए आवश्यक है।

**आईएएस पदोन्नत ये अधिकारी हुए सम्मानित**- संतोष कुमार देवांगन, आशुतोष पांडेय, हीना अनिमेश नेताम, लोकेश चंद्राकर, रीता यादव, प्रकाश कुमार सर्वे।

**निर्वाचन से नियुक्त नए पदाधिकारी**- अध्यक्ष- अजय त्रिपाठी, महासचिव- उमाशंकर बंदे, सहसचिव- धनंजय नेताम, कोषाध्यक्ष- नवीन भगत।

**सेवानिवृत्त ये अधिकारी सम्मानित**- प्रमोद शांडिल्य, ओंकार यदु, संजय दीवान, अशोक कुमार घृतलहरे, जोगेंद्र नायक।

**नए चयनित ये डिप्टी कलेक्टर्स सम्मानित हुए**- 2024 बैच की ओर से प्रतिनिधित्व कर रहे शुभांगी गुप्ता और शुभम देव सम्मानित हुए।

इस दौरान छत्तीसगढ़ पीएससी से डिप्टी कलेक्टर बने सभी बैच के लिए कोऑर्डिनेटर्स नियुक्त किए गए हैं, ये संघ के कार्यक्रमों और योजनाओं के बारे में अपने बैच के अन्य अधिकारियों सूचित करेंगे और संघ के साथ समन्वय स्थापित करेंगे। इसी तरह अन्य दायित्वों के लिए अधिकारियों का मनोनयन किया गया है।

## प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव पर निकली भव्य शोभा यात्रा

**रायपुर (विश्व परिवार)।** प्रथम तीर्थंकर मूलनायक श्री आदिनाथ भगवान का चैत्र कृष्ण नवमी के दिन जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर मालवीय रोड रायपुर स्थित श्री बड़ा जैन मंदिर में रविवार को भगवान का जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास पूर्वक सकल जैन समाज रायपुर द्वारा मनाया गया।





आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज एवं आचार्य समय सागर महाराज की परम प्रभावी शिष्या..श्री 105 अन्तरमति माताजी,श्री 105 अनुगृहमति माताजी,श्री 105 अखंड मति माताजी,श्री 105 अभेदमति माताजी ,श्री 105 समय मति माताजी,श्री 105 शैलमति माताजी ,श्री 105 ध्यानमती माताजी,श्री 105 उद्योतमति माताजी के मंगल सानिध्य में श्रीजी की भव्य शोभायात्रा एवं विभिन्न मंगल कार्यक्रम संपन्न हुए।

मंदिर समिति कश अध्यक्ष यशवंत जैन, सचिव सुजीत जैन, कोषाध्यक्ष दिलीप जैन ,उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी लोकेश चंद्रकांत जैन ने बताया प्रातः 7.30 बजे भगवान आदिनाथ को चांदी के रथ में श्री धीरज सुरेश चंद जैन चूड़ी वाले परिवार के द्वारा विराजमान किया गया , रथ के सारथी श्रीं विजय चंपा देवी जैन एवं चावर करने का सौभाग्य सम्यक आनंद जैन और भव्य जैन को प्राप्त हुआ धार्मिक जयकारों के गुंजन में विमान यात्रा राजधानी रायपुर के मालवीय रोड स्थित बड़ा मंदिर से कोतवाली चौक ,सदर बाजार एडवर्ड रोड गोल बाजार चिकनी मंदिर होते हुए वापस मालवीय रोड स्थित बड़े मंदिर पहुंचकर प्रातः 08:30 बजे से भगवान का अभिषेक प्रमुख इंद्र श्री अरविंद जैन, श्री अभिषेक जैन ,श्री अनूप आशीष जैन, श्री शैलेन्द्र अक्षत जैन के द्वारा एवं शांति धाराकर्ता श्री धीरज सुरेश चंद्र जैन चूड़ी वाले परिवार को सौभाग्य मिला तत्पश्चात माताजी का प्रवचन एवं आहार चर्या संपन्न हुई।

## विकसित होने का अर्थ है क्वालिटी, क्वांटिटी में हो : सांसद बृजमोहन अग्रवाल

**आंजनेय विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन का समापन ● विकसित राज्य बनाने में उद्योगों की अहम भूमिका होगी : अलोक पाण्डेय**

### आत्मनिर्भरता और अनुशासन विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण की आधारशिला : अरविन्द अग्रवाल

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के भविष्य को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से उच्च शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'छत्तीसगढ़ विजन @2047: चुनौतियां, दायित्व एवं सुझाव' तीन दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन का आज समापन हुआ। इस अवसर पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि विकसित होने का अर्थ मात्र भौतिक प्रगति नहीं, बल्कि गुणवत्ता और मात्रा दोनों में संतुलित वृद्धि होना चाहिए। विकसित मानसिकता तैयार करने के लिए शिक्षा के सभी आयामों को विकसित करना आवश्यक है, जिससे हर नागरिक नवाचार और प्रगति की दिशा में आगे बढ़ सके। उन्होंने सम्मेलन के दौरान प्राप्त शोध पत्रों का गहन विश्लेषण कर उन्हें शासन





को प्रस्तुत करें, ताकि नीति निर्माण में इनका समुचित उपयोग हो सके। केवल योजनाओं और संकल्पों से नहीं, बल्कि धरातल पर ठोस कार्यों से ही विकसित छत्तीसगढ़ का सपना साकार किया जा सकता है। उन्होंने सभी बुद्धिजीवियों, शोधकर्ताओं और नीति-निर्माताओं से कहा कि वे छत्तीसगढ़ को 2047 तक एक विकसित और आत्मनिर्भर राज्य बनाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करें।

सम्मेलन के विशिष्ट अतिथि जायसवाल निको इंडस्ट्रीज के एचआर हेड अलोक पाण्डेय ने छत्तीसगढ़ को 2047 तक विकसित राज्य बनाने में उद्योगों की अहम भूमिका होगी। औद्योगिक विकास से रोजगार सृजन, आर्थिक समृद्धि और तकनीकी नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। पर्यावरण अनुकूल और सतत विकास को ध्यान में रखते हुए उद्योगों को बढ़ाना आवश्यक है, जिससे राज्य आत्मनिर्भर और समृद्ध बन सके। विशिष्ट अतिथि अरविन्द अग्रवाल वीएनआर सीड्स कंपनी के डायरेक्टर ने कहा कि आत्मनिर्भरता और अनुशासन विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण की आधारशिला हैं। जब प्रत्येक नागरिक आत्मनिर्भर बनेगा और अनुशासन के साथ अपने कार्यों को पूर्ण करेगा, तब राज्य प्रगति की ओर बढ़ेगा। उद्योग, शिक्षा, कृषि और तकनीकी क्षेत्रों में समर्पित योगदान देकर हम सभी विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

चांसलर श्री अभिषेक अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ को 2047 तक विकसित और आत्मनिर्भर राज्य बनाने का सपना केवल सरकार का नहीं है, बल्कि यह हम सभी का यह सपना होना चाहिए। हमें मिलकर मेहनत करनी होगी, अपनी जिम्मेदारियों को समझना होगा और एकजुट होकर कार्य करना होगा। यदि हम आज ठोस कदम उठाते हैं, तो 2047 में जब हम स्वतंत्रता की शताब्दी मना रहे होंगे, तब हमें गर्व होगा कि हमने एक नया, सशक्त और विकसित छत्तीसगढ़ बनाया है।

सम्मेलन की सचिव डॉ प्रांजलि गनी ने बताया कि 400 से अधिक पंजीयन एवं तीन तकनीकी सत्रों में 40 से अधिक शोध पत्र पढ़े गए। कार्यक्रम के दौरान कुलपति डॉ टी रामाराव, महानिदेशक डॉ बी सी जैन, प्रति कुलपति डॉ सुमित श्रीवास्तव, प्रदेश भर से आए प्राध्यापक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समापन सत्र के दौरान प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

वाटर हार्वेस्टिंग
जल है तो कल है
पानी का प्रत्येक बूंद बचाएं
जल संकट का एकमात्र निदान
अपने मकान, भवनो एवं उद्योगों में
रैन वाटर हार्वेस्टिंग लगाए
डी.पी.वर्मा
पंजीकृत भू-जलविद्,
Water auditor (CGWB)
HYDRO GEO - CONSULTANTS
SAVE WATER SAVE LIFE
Shop No. 517, 5th Floor, Usha Pride, Vidhan Sabha Road, Mowa, Raipur (C.G.)
Email:- lrydrogeo2015@gmail.com,
hydro_geo2009@yahoo.coom
9617007000, 9302610009

दैनिक
# विश्व परिवार

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com



## संक्षिप्त समाचार

### मंडल अध्यक्ष राम प्रजापति का हुआ अभिनंदन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** प्रजापति समाज के युवाओं ने नव नियुक्त भाजपा मंडल अध्यक्ष राम प्रजापति का ढोल बाजे, फूल माला से भव्य स्वागत किया इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ जन बीएल प्रजापति जी, बजरंग प्रजापति जी, सुशील प्रजापति जी, युवाओं में भंवर लाल प्रजापति जी, महेंद्र प्रजापति जी, हितेश प्रजापति जी, लक्ष्मीनारायण प्रजापति जी, अनूप प्रजापति जी, मुकेश प्रजापति जी, दालम प्रजापति जी, वंश प्रजापति जी, यश प्रजापति जी, सुमित प्रजापति जी, बजरंग प्रजापति जी(सरसवा), महेंद्र प्रजापति जी, मनीष प्रजापति जी (घोड़ेला), रघु प्रजापति जी, सनी प्रजापति जी, सावन प्रजापति जी, कमलेश प्रजापति जी, गुमान प्रजापति जी, प्रशांत प्रजापति जी, मनीष प्रजापति (बड़ीवाल) जी, विजित प्रजापति जी, सचिन प्रजापति जी, सुनील जी (घोडेला) प्रजापति जी, कुंदन प्रजापति जी, सांवर प्रजापति जी, सहित युवागण पहुंचे। अंत में अध्यक्ष प्रजापति ने भारतीय जनता पार्टी एवं समाज वासियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### आरंग नगर के मंदिरों और धरोहरों पर बनेगा डाक्यूमेंट्री फिल्म, राजा मोरध्वज की प्रतिमा का रंग रोगन कराने नपाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन



**आरंग ( विश्व परिवार )।** सामाजिक संगठन पीपला वेलफेयर फाउंडेशन आरंग नगर के मंदिरों और धरोहरों पर डाक्यूमेंट्री फिल्म बनाने जा रहा है। फाउंडेशन के सदस्यों ने शनिवार को नपाध्यक्ष डॉ संदीप जैन को ज्ञापन सौंपकर नगर के बस स्टैंड स्थित राजा मोरध्वज के स्टैचू के रंग रोगन की मांग की। साथ ही उसमें लगे फाउंटेन को शुरू करने की मांग की है। पीपला फाउंडेशन के सदस्यों ने बताया कि नगर के प्राचीन इतिहास और गौरव को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से नगर के प्राचीन मंदिरों, पुरातात्विक स्थलों सहित राजा मोरध्वज की स्टैचू की ड्रोन कैमरे से शूटिंग कराकर डाक्यूमेंट्री फ़िल्म बनाने की योजना है। उल्लेखनीय है कि पीपला वेलफेयर फाउंडेशन आरंग नगर के प्राचीन इतिहास और राजा मोरध्वज की दानशीलता को वैश्विक पटल पर प्रचारित करने नए-नए नवाचार करने के लिए विख्यात है। नगर वासियों के सहयोग से तीन साल पहले भव्य मोरध्वज महोत्सव का आयोजन करने की शुरुआत पीपला फाउंडेशन ने की थी। इस आयोजन की सराहना करते हुए तत्कालीन संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल और आरंग विधायक गुरू खुशवंत साहेब ने गत वर्ष के आयोजन में हर साल महोत्सव आयोजित करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार से दस लाख रुपये का बजट प्रावधान किया है। अब मोरध्वज महोत्सव की भव्यता आने वाले वर्षों में साल दर साल बढ़ती जाएगी। इसे लेकर नगरवासी उत्साहित हैं।

### श्रीमती जानकी शुक्ला को श्रद्धांजलि अर्पित



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** वरिष्ठ पत्रकार संजय शुक्ला की माता जी श्रीमती जानकी शुक्ला का आज सुबह निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 23 मार्च को मारवाड़ी श्मशान घाट में किया गया। प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर, महासचिव डॉ वैभव शिव पाण्डेय, उपाध्यक्ष संदीप शुक्ला, कोषाध्यक्ष रमन हलवाई, संयुक्त सचिव तृप्ति सोनी, अरविंद सोनवानी सहित सभी सदस्यों ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल के निवास पहुंचकर की उनसे मुलाकात

**ज्ञानपीठ सम्मान की घोषणा पर मुख्यमंत्री साय ने सभी प्रदेशवासियों की तरफ से श्री शुक्ल को दी बधाई**

**मुख्यमंत्री साय ने कहा- विनोद कुमार शुक्ल ने बढ़ाया छत्तीसगढ़ का मान**

**मुख्यमंत्री से श्री शुक्ल ने अपने बचपन के नांदगांव की स्मृतियां की साझा**



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज वरिष्ठ साहित्यकार श्री विनोद कुमार शुक्ल के रायपुर स्थित निवास पहुंचकर उनसे मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने श्री शुक्ल को ज्ञानपीठ सम्मान की घोषणा पर उन्हें हार्दिक बधाई दी। मुख्यमंत्री ने श्री विनोद कुमार शुक्ल से कहा कि आपने छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी प्रदेशवासियों की तरफ से श्री शुक्ल का सम्मान करते हुए उन्हें शॉल-श्रीफल तथा बस्तर आर्ट का प्रतीक चिन्ह नंदी भेंट किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने श्री विनोद कुमार शुक्ल से कहा कि साहित्य के क्षेत्र में आपके विशिष्ट योगदान पर आपको देश का सबसे प्रतिष्ठित ज्ञानपीठ सम्मान दिए जाने की घोषणा से पूरा प्रदेश गौरवान्वित अनुभव कर रहा है। यह मेरा सौभाग्य है कि आज खुशी के इस पल में आपसे भेंट करने का मुझे अवसर मिल रहा है।

मुख्यमंत्री ने श्री विनोद कुमार शुक्ल का कुशल क्षेम पूछते हुए उनके स्वास्थ्य के विषय में जानकारी ली। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आप राजनांदगांव के रहने वाले हैं। राजनांदगांव छत्तीसगढ़ की संस्कारधानी है। वहां गजानन माधव मुक्तिबोध, डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी और बलदेव प्रसाद मिश्र जैसे साहित्यकारों ने अपनी साहित्य साधना की है।

मुख्यमंत्री द्वारा राजनांदगांव का जिक्र किये जाने पर श्री शुक्ल ने अपने बचपन के नांदगांव की स्मृतियां उनके साथ साझा की। श्री शुक्ल ने कहा कि मेरा जन्म राजनांदगांव में हुआ। बचपन का वह नांदगांव आज भी मेरे मन पर छाया हुआ है। मैं आज भी वहां जाता हूँ तो उसी नांदगांव को ढूंढने की कोशिश करता हूं। मगर अब समय के साथ काफी बदलाव आ गया है। मुख्यमंत्री ने श्री विनोद कुमार शुक्ल के परिवारजनों से भी मुलाकात की और उनका हाल-चाल जाना। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार श्री पंकज झा, मुख्यमंत्री के प्रेस अधिकारी श्री आलोक सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री पी दयानन्द, जनसंपर्क आयुक्त श्री रवि मित्तल, रायपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष श्री प्रफुल्ल ठाकुर तथा श्री विनोद कुमार शुक्ल के परिवारजन सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे।

## कैनाल रोड बने, हम इंतजार कर रहे हैं, अपना कब्जा खुद खाली करेंगे मिठाई भी बाटेंगे



**भिलाई ( विश्व परिवार )।** नगर निगम क्षेत्र में निर्मित केनाल रोड नागरिकों के आवागमन का प्रमुख माध्यम बना हुआ है। खुर्शीपार से शुरू हो करके अवंती बाई चौक तक पहुंचने का प्रमुख लाइफलाइन होगा। अभी खुर्सीपार पर से शुरू होकर के नंदनी रोड तक बन गया है। अब कैनाल रोड आगे बढ़ते हुए जोन क्रमांक 3, 2, 1 से होकर जाकर पूर्ण होगा। नंदिनी रोड से आगे जाकर के नाले के किनारे किनारे नागरिकों द्वारा अवैध कब्जा किया गया है। जो कैनल रोड बनाने में समस्या पैदा कर रहा है।

आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय जोन आयुक्त सतीश यादव एवं अभियंताओं को लेकर नाले के किनारे चलते हुए पूरा निरीक्षण किया। रास्ते में लोगों बातें कर रहे थे, बहुत सारे लोगों ने कहा हम इंतजार कर रहे हैं कैनाल रोड कब से बनना शुरू होगा। हम अपना जगह खुद खाली कर देंगे। हम सबको दिख रहा है कि खुर्सीपार में कैनल रोड बन जाने से बहुत अच्छी सफाई हो रही है। सबको अच्छी सुविधा मिल रही है। कैनाल रोड के किनारे रहने वाले मोइनुद्दीन अंसारी ने कहा हम अपना कब्जा खुद खाली करेंगे। नहर किनारे होटल चलाने वाले महेंद्र चौधरी ने कहा हम मिठाई बाटेंगे। जिस दिन कैनाल रोड बनना शुरू होगा। कैनाल रोड का निर्माण एवं सौंदरीकरण अच्छी लाइटिंग लगेगी दोनों बीच सुंदरता के लिए पेड़ होगा। कैनाल रोड बन जाने से नेशनल हाईवे पर ट्रैफिक का लोड कम हो जाएगा। कैनाल रोड खुर्सीपार पर से शुरू होकर सीधे अवंती बाई चौक पहुंच जाएगा। लगभग सात किलोमीटर की दूरी कम हो जाएगी, नीचे नहर का पानी जाएगा ऊपर सड़क रहेगा। आयुक्त पाण्डेय ने लोगों को बताया कि जिसका मकान कैनल रोड में आएगा पात्रता के अनुसार उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना में मकान दिया जाएगा। उतना ही मकान टूटेगा जीतने की आवश्यकता है, खुद से खाली कर लेंगे तो बहुत आसानी होगा। निगम का प्रयास होगा की शीघ्रता से सर्वे कर करके कैनाल रोड का निर्माण किया जावे। अभी हम लोग सर्वे कर रहे हैं नोटिस भी बांटा गया है घरों के ऊपर जहां तक टूटेगा मार्किंग भी कर दिया गया है। लगभग 530 मकान का हिस्सा सर्वे में आ रहा है कुछ बचा भी है। कुछ ऐसे लोगों का भी मकान आ रहा है जिन्होंने नहर के ऊपर कब्जा पूरा कब्जा करके मकान बनाया है वह भी टूटेगा। नियम अनुसार कार्रवाई करते हुए उनसे भी खाली करवाया जाएगा।

## यशोदा हॉस्पिटल्स, हाईटेक सिटी में दो जटिल सर्जरी सफल, मरीजों को नई जिंदगी मिली



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** यशोदा हॉस्पिटल्स, हाईटेक सिटी ने अपनी उत्कृष्ट चिकित्सा सेवा और अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से दो अलग-अलग जटिल सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम देकर मरीजों को एक नई जिंदगी दी। अस्पताल में एक ओर 18 वर्षीय किडनी ट्रांसप्लांट प्राप्तकर्ता श्री मयंक पटेल पर डीजे स्टेंट हटाने की प्रक्रिया सफलतापूर्वक की गई, तो वहीं दूसरी ओर 76 वर्षीय श्री प्रेमचंद गोलछा पर ऑफ-पंप कोरोनरी आर्टरी बायपास ग्राफ्टिंग (CABG) और थुलियम लेजर प्रोस्टेट सर्जरी (ञ्जद्धह्रस्श्वक्क) कर मरीज को गंभीर हृदय रोग और मूत्र संबंधित समस्या से राहत दिलाई गई।

श्री मयंक पटेल, जिन्हें क्रॉनिक किडनी डिजीज (CKD-V) का सामना करना पड़ा था और उन्होंने पहले किडनी ट्रांसप्लांट कराया था, को पोस्ट-ट्रांसप्लांट देखभाल के तहत डीजे स्टेंट हटाने की प्रक्रिया से गुजरना पड़ा। वरिष्ठ कंसल्टेंट यूरोलॉजी और रोबोटिक सर्जरी क्लीनिकल डायरेक्टर डॉ. मल्लिकार्जुन रेड्डी एन के नेतृत्व में यह प्रक्रिया 18 फरवरी 2025 को सफलतापूर्वक पूरी की गई। डीजे स्टेंट हटाना ट्रांसप्लांट के बाद आवश्यक होता है, ताकि किडनी का सही कार्य सुनिश्चित किया जा सके और किसी भी संभावित जटिलता को रोका जा सके। डॉक्टरों की टीम ने श्री पटेल की करीबी निगरानी की और संक्रमण की रोकथाम के लिए एंटीबायोटिक्स दिए। उनकी स्थिति स्थिर होने के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई और उन्हें एक महीने बाद पुनः जांच कराने की सलाह दी गई है।

वहीं, 76 वर्षीय श्री प्रेमचंद गोलछा को गंभीर ट्रिपल वेसल डिजीज, प्रोस्टेट वृद्धि और मूत्र मार्ग संक्रमण (UTI) की समस्या थी। उन्हें पहले से ही कोरोनरी आर्टरी डिजीज (CAD) था और 2015 में पर्सक्यूटेनियस ट्रांसल्यूमिनल कोरोनरी एंजियोप्लास्टी (PTCA) करवाई गई थी। डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर से पीड़ित होने के कारण उनकी स्थिति और जटिल हो गई थी। 2 फरवरी 2025 को उन्हें वेंट्रिकुलर टैकीकार्डिया हुआ, जिसके चलते आपातकालीन CABG सर्जरी करनी पड़ी। इसके साथ ही, यूरोलॉजिकल समस्या को देखते हुए थुलियम लेजर एनुक्लिएशन ऑफ द प्रोस्टेट (ThuLEP) किया गया। वरिष्ठ कार्डियोथोरेसिक सर्जन डॉ. विक्रम रेड्डी एर्रा के नेतृत्व में मल्टी-डिसिप्लिनरी टीम ने यह चुनौतीपूर्ण सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न की। सर्जरी के बाद मरीज को कार्डियक इंटेंसिव केयर यूनिट (CICU) में निगरानी में रखा गया, जहां उनकी रिकवरी सुचारू रूप से हुई और फिर उन्हें वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया। अस्पताल से डिस्चार्ज से पहले की गई सभी जांचों में सामान्य परिणाम आए। यशोदा हॉस्पिटल्स, हाईटेक सिटी ने अपनी विशेषज्ञता और समर्पण से यह साबित कर दिया कि वह जटिल से जटिलतम मामलों को भी उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवा के साथ संभाल सकता है। किडनी ट्रांसप्लांट के बाद देखभाल से लेकर गंभीर हृदय और यूरोलॉजिकल समस्याओं के उन्नत उपचार तक, अस्पताल की टीम मरीजों को सर्वोत्तम सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। यशोदा हॉस्पिटल्स अपनी अत्याधुनिक तकनीक, कुशल डॉक्टरों और पेशेंट-फर्स्ट अप्रोच के साथ हृदय, यूरोलॉजी और मल्टी-स्पेशियलिटी केयर में अग्रणी बना हुआ है और लगातार विश्वस्तरीय चिकित्सा सेवा प्रदान कर रहा है।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**

**निविदा सूचना क्रमांक:** 110-06-MUI-RSP-25 दिनांक: 19.03.2025
**कार्य का नाम:** डीज़ल लोको शेड, रायपुर में एचएचपी लोकोमोटिव के यूनिट इंजेक्टर सेट की ओवरहॉलिंग / पुनर्वास।
**निविदा मूल्य:** ₹ 1,22,24,316.64, **अग्रिम धन राशि:** ₹ 2,11,100.00, **दस्तावेज की लागत:** शून्य, **निविदा बंद होने की तारीख व समय:** दि. 17.04.2025 के 13:00 बजे।
इस निविदा के खिलाफ मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है व मैनुअल प्रस्ताव अस्वीकार कर दिए जाएंगे। उपरोक्त निविदा की विस्तृत जानकारी एवं पात्रता मानदंड के लिए कृपया Sr.DME (D)/DLS/SECR/रायपूर के कार्यालय से संपर्क करें/वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध निविदा दस्तावेज डाउनलोड करें।
**वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजिनियर (DLS)**
PR/R/DLS/MS/273 **द.पू.म. रेलवे, रायपुर**
South East Central Railway @secrail

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)**
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./19206/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2025
रायपुर दिनांक : 21-03-2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 19206**
**वार्ड का नाम- 60 - चन्द्रशेखर आजाद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 60 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR652G00898** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **LATA BANERJEE** पिता/पति, श्री/श्रीमती **BIJAN BANERJEE** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **YOGENDRA KHUTE** पिता/पति श्री/श्रीमती **MOHAN LAL KHUTE** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं. - 6**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)**
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./19115/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2025
रायपुर दिनांक : 21-03-2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 19115**
**वार्ड का नाम- 60 - चन्द्रशेखर आजाद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 60 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR652F01262** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **NILESH KUMAR SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SANTOSH SAHU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **RINU BHARTI** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O LATE GOPAL BHARTI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं. - 6**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)**
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./19123/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2025
रायपुर दिनांक : 21-03-2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 19123**
**वार्ड का नाम- 65 - महामाया मंदिर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 65 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR662J00275** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **NEHA JAIN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **VINAY KUMAR JAIN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **VINAY KUMAR JAIN** पिता/पति श्री/श्रीमती **VIJAY BAHADUR JAIN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत दानपत्र**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं. - 6**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /19183/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2025
रायपुर, दिनांक 21-03-2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 19183**
**वार्ड का नाम- 70 -संत रविदास वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 70 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR813C00588** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **DR. TARA AGRAWAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **HARISHANKAR AGRAWAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **MARY SWETA KUJUR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SANJAY KUMAR HORO** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री आदित्य कुमार हालदार**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /19211/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2025
रायपुर, दिनांक 22-03-2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 19211**
**वार्ड का नाम- 70 -संत रविदास वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 70 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR814A00422** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SMT USHA BISANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **VITHALDAS BISANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SMT. NEELAM GUPTA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **AJESH GUPTA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री आदित्य कुमार हालदार**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /19259/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2025
रायपुर, दिनांक 22-03-2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 19259**
**वार्ड का नाम- 70 -संत रविदास वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 70 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR814D00552** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **M/S. KANCHAN COMPLEX PVT. LTD. DIRECTOR SHYAM SUNDER AGRAWAL S/O LAKHI RAM AGRAWAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती .... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SWATI DAVDA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DEVESH DAVDA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री आदित्य कुमार हालदार**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /19253/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2025
रायपुर, दिनांक 22-03-2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 19253**
**वार्ड का नाम- 70 -संत रविदास वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 70 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR814D00525** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **M/S. KANCHAN COMPLEX PVT. LTD. DIRECTOR SHYAM SUNDER AGRAWAL S/O LAKHI RAM AGRAWAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती .... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SMT. SANGEETA PANDEL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **ANUP SINGH** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री आदित्य कुमार हालदार**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /19257/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2025
रायपुर, दिनांक 22-03-2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 19257**
**वार्ड का नाम- 70 -संत रविदास वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 70 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR814D00544** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **M/S. KANCHAN COMPLEX PVT. LTD. DIRECTOR SHYAM SUNDER AGRAWAL S/O LAKHI RAM AGRAWAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती .... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **MOHAMMED ZAVIR KHAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **BAKHTYAR KHAN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री आदित्य कुमार हालदार**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /19292/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2025
रायपुर, दिनांक 22-03-2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 19292**
**वार्ड का नाम- 01 - वीर सावरकर नगर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 01 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR801N00061** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SANJAY KHAITAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. L.P KHAITAN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SUNIL GIRI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SURENDRA GIRI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री आदित्य कुमार हालदार**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /19291/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2025
रायपुर, दिनांक 22-03-2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 19291**
**वार्ड का नाम- 01 - वीर सावरकर नगर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 01 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR801Q00095** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **KAILASH SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. PARMESHWAR SAHU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **MOHAN DAS VAISHNAV** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. HEERA DAS VAISHNAV** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री आदित्य कुमार हालदार**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./11689/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2025
रायपुर, दिनांक 10-09-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 11689**
**वार्ड का नाम-45-स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 45 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR739E00587** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **RAJKUMAR SHADIJA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LAXMAN DAS SHADIJA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्रीमती मीरा गुप्ता** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पति मनोज कुमार गुप्ता** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री अरुण ध्रुव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-4**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
# विश्व परिवार



## शहीदी दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन, युवाओं ने बढ़-चढ़कर किया रक्तदान

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**- शहीदी दिवस के अवसर पर ? सांई रक्तदाता समिति जरही द्वारा एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम के माध्यम से शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों द्वारा शहीदों के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने से हुई। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्रमणि देवापाल पैकरा, नगर पंचायत अध्यक्ष पूरन राम राजवाड़े, नगर पंचायत भटगांव अध्यक्ष परमेश्वरी राजवाड़े, डॉ. महेश्वर सिंह, डॉ. कमलेश सोनी, इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी जिला सूरजपुर के वाइस चेयरमेन ओंकार पांडेय, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. आजाद भगत ब्लड बैंक अधिकारी सूरजपुर और अफरोज खान उपस्थित रहे।




मुख्य अतिथि चंद्रमणि देवापाल पैकरा ने अपने संबोधन में कहा कि रक्तदान एक पुनीत कार्य है जो जीवन बचाने में सहायक होता है। समाज के जरूरतमंदों को रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना एक बड़ी सेवा है, और इस प्रकार के आयोजनों को निरंतर किया जाना चाहिए।

नगर पंचायत अध्यक्ष पूरन राम राजवाड़े ने रक्तदान को सबसे बड़ा मानव धर्म बताते हुए कहा कि सांई रक्तदाता समिति जरूरतमंदों को समय पर रक्त उपलब्ध कराकर एक सराहनीय कार्य कर रही है। हम जनप्रतिनिधि भी हर संभव मदद के लिए तैयार हैं।

भटगांव नगर पंचायत अध्यक्ष परमेश्वरी राजवाड़े ने समिति के सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि यह संस्था समाज के लिए एक मिसाल बन रही है, जो नि:स्वार्थ भाव से जरूरतमंदों की मदद कर रही है।

डॉ. महेश्वर सिंह ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि थैलेसीमिया और सिकलिंग के मरीजों को बार-बार रक्त की आवश्यकता होती है। इसके अलावा, प्रसव जैसी आपातकालीन परिस्थितियों में भी रक्तदान जीवन बचाने में सहायक होता है।

इस आयोजन में युवाओं ने भाग लिया और रक्तदान कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। आयोजकों ने सभी रक्तदाताओं का आभार प्रकट किया और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई।

10 लोगों ने किया रक्तदान-शहीद दिवस पर रक्तदान करने वाले में सुजन डे ,दीपक कुमार ,सचिन गुप्ता ,

गजेंद्र प्रधान , प्रियांशु गुप्ता ,प्रदीप कुमार वैद्य ,संजय कुमार ,आदेश कुमार रवि ,पत्रकार देवेन्द्र सिंह और बिट्टू सिंह राजपूत ने किया . ब्लड डोनेट करने वालों को समिति द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया.

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में भूषण प्रसाद सूर्यवंशी ,मीना सुर्यवाशी ,जावेद अंसारी ,करन सोनवानी ,कन्हैया दस ,दशरथ सिंह ,सुरेश सोगा ,रामधारी रजवाड़े ,संजय कुमार सिंह ,सुजान डे ,प्रदीप कुमार वैद्य ,जनार्दन यादव गोपी कुमार का योगदान रहा। शिविर में जिला अस्पताल ब्लड बैंक के टेक्नालॉजिस्ट एस डी पाव,संतोष साहू, तपेश्वर स्टाफ नर्स शिवकुमारी, आरती सपना तिर्की सहित अन्य कर्मचारी सक्रिय रहे।

## सूरजपुर जिले को पहली बार प्रदेश के दो पद मिले

### छग चेम्बर ऑफकामर्स के अशोक उपाध्यक्ष,रौनक मंत्रीपद पर निर्विरोध चुने गए बने

**गोपाल सिंह विद्रोही**

**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार )**- छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स के चुनाव में सूरजपुर जिले को पहली बार मिले प्रदेश उपाध्यक्ष व प्रदेश मंत्री के पद पर स्थानीय व्यापारियों ने आम सहमती बनाते हुए जय व्यापार पैनल के प्रत्याशियों के रूप में अशोक अग्रवाल बिश्रामपुर ने प्रदेश उपाध्यक्ष तथा रौनक जैन सूरजपुर ने प्रदेश मंत्री के पद पर निर्विरोध जीत दर्ज की है। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ़ कामर्स के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अमर परवानी तथा पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी की अगुवाई में प्रदेश के अलग-अलग जिलों से नामांकन दाखिल किए गए थे। जिसमें सरगुजा संभाग से इस बार सूरजपुर जिले को भी आपेक्षित सदस्य संख्या के कारण अलग से निर्वाचन के लिए दोनों पद प्राप्त हुए। इसके पूर्व सरगुजा जिले में ही सूरजपुर शामिल था। रायपुर में विगत 20





मार्च को दाखिल हुए नामांकन के उपरांत दोनों ही पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हो जाने से जिले में पहली बार मिले प्रदेश के पदों पर आम सहमती बनी और निर्वाचन तय हुआ। नवनिर्वाचित प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल व मंत्री रौनक जैन ने कहा कि व्यापारी हितों के लिए सदैव अग्रणी जय व्यापार पैनल और चेम्बर ऑफ़ कामर्स व्यापार प्रथम के साथ विश्वास और संकल्प के बीच व्यापारिक हितों में लगातार कार्य कर रहा है। अब जिले में भी व्यापार जगत को लेकर चेम्बर के माध्यम से व्यापारियों के हितों के संवर्धन के लिए चेम्बर सदैव अग्रणी रहेगा। इस दौरान दोनों प्रत्याशियों की जीत पर चेम्बर ऑफकामर्स के वरिष्ट सदस्य सुभाष गोयल, खजान जिंदल, अमृतलाल अग्रवाल, जय भगवान अग्रवाल, रमेश दनौदिया, ललित गोयल, रितेश जायसवाल, सुनील अग्रवाल, अंकुर गर्ग, मित्तल पाण्डेय, प्रकाश शर्मा, हनुमान सिंह राही, रोमी माखिजा व अन्य व्यापारिक सदस्यों के साथ जिले के व्यापारिक सदस्यों ने दोनों पदाधिकारियों को बधाई दी है।

## फिर से लोनर हाथी की दस्तक, हाथियों का दल घूम रहे कटघोरा जंगल में

**कोरबा(विश्व परिवार)।** पड़ोसी धरमजयगढ़ वनमंडल से फिर एक लोनर हाथी कोरबा वनमंडल के कुदमुरा रेंज में पहुंच गया है। बीती रात अचानक पहुंचे लोनर को आज सुबह कुदमुरा सर्किल के जंगल में विचरण करते हुए देखा गया और इसकी सूचना वन विभाग को दी गई, जिस पर वन अमला सतर्क हो गया है तथा कुदमुरा व आसपास के गांवों में मुनादी कराने के साथ ही ग्रामीणों को जंगल न जाने की चेतावनी देने में जुट गया है। रेंजर बी.एस.पैकरा ने बताया कि लोनर हाथी ने तत्काल कोई नुकसान नहीं पहुंचाया है फिर भी इसके उत्पात की संभावना को देखते हुए वन अमला सतर्कता बरत रहा है। लोनर हाथी की निगरानी की जा रही है। उसकी हर गतिविधियों पर ड्रोन कैमरे के जरिए नजर रखी जा रही है। उधर कटघोरा वनमंडल में 62 हाथियों की मौजूदगी लगातार बनी हुई है। यहां के केंदई रेंज के कापानवापारा, कोरबी व लालपुर क्षेत्र में 30 हाथी विचरण कर रहे हैं जबकि 32 हाथी एतमानगर के मड़ई सर्किल व जटगा वन परिक्षेत्र में दो अलग-अलग झुंडों में घूम रहे हैं। कोरबी सर्किल में घूम रहे हाथियों के दल में से एक दंतैल हाथी झुंड से अलग होकर बस्ती में प्रवेश कर गया तथा एक ग्रामीण के बाड़ी में घुसकर वहां लगे सब्जी के पौधों को नुकसान पहुंचा रहा था। जिसकी जानकारी ग्रामीणों को होने पर तत्काल वहां पहुंचे और बाड़ी में उत्पात मचा रहे दंतैल को खदेडने की कार्यवाही की। ग्रामीणों द्वारा खदेड़े जाने पर दंतैल जंगल की ओर जाने को मजबूर हो गए और यहां बड़ा नुकसान होने से बच गया।

## सक्षम योजना से जुड़कर महिलाएं स्वावलंबन की राह में बढ़ेंगी आगे

**रायगढ(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने छत्तीसगढ़ महिला कोष अंतर्गत सक्षम योजना के तहत 07 महिलाओं को रोजगार से जोडने् हेतु 9 लाख 20 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की है। जिन महिलाओं को ऋण राशि स्वीकृत की गई है उनमें शांति बाई राठिया ग्राम-छोटे गुमड़ा वि.ख. घरघोड़ा को कृषि कार्य हेतु 80 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इसी प्रकार ज्योति धनवार ग्राम-छोटे गुमड़ा वि.ख.घरघोड़ा को कृषि कार्य हेतु 80 हजार, मूंगामती राठिया ग्राम-खडग़ांव तहसील धरमजयगढ़ को बकरी एवं गाय पालन हेतु 1 लाख 20 हजार, प्रेमलता अगरिया ग्राम-शेरबन दर्रीडीह पो.ओंगना धरमजयगढ़ को मुर्गी पालन एवं आटा चक्की हेतु 1 लाख 20 हजार, मंजू भीष्म रेलवे लाईन पारा किरोड़ीमल नगर रायगढ़ को टेंट सामान हेतु 2 लाख, सुकांती चौहान ग्राम-सहसपुरी तहसील व जिला-रायगढ़ को कृषि कार्य हेतु 2 लाख, लक्ष्मीन कुर्रे कयाघाट एसईसीएल रोड रायगढ़ को सब्जी एवं फल दुकान हेतु 1 लाख 20 हजार रूपये स्वीकृत किए गए हैं महिलाओं को रोजगार से जोडने् हेतु ऋण राशि स्वीकृत होने पर इन्हें जिला कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री एल.आर.कच्छप ने शुभकामनाएं दी हैं। कलेक्टर श्री गोयल ने विधवा/ परित्याकता/ तलाकशुदा एवं अविवाहित महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा इस योजना से जोडने् हेतु निर्देशित किया है।

## नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष मिले मुख्यमंत्री से लिया आशीर्वाद

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को दी बधाई शुभकामनाएं

**गोपाल सिंह विद्रोही**

**बिश्रामपुर ( दैनिक अमर स्तंभ न्यूज़ )**- नगर पंचायत शिवनंदनपुर एवं विश्रामपुर के जन प्रतिनिधियों ने अपने वरिष्ठ जनों के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से सौजन्य मुलाकात कर उन्हें पुष्प गुच्छ दे कर आशीर्वाद प्राप्त किया।



नवनिर्वाचित जन प्रतिनिधियों को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद देते हुए कहा कि जनता ने आप सभी के ऊपर विशेष स्नेह प्रेम भाव दिखाया है उनकी उम्मीदों पर खरा उतरे, उनके साथ सतत संपर्क बनाए रखें, उनकी समस्याएं सुने और हल करने का पहल करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर पंचायत का प्रतिनिधित्व करना सौभाग्य की बात है आप सभी को सौभाग्य प्राप्त हुआ है, सब मिलकर नगर का सर्वांगीण विकास करने हेतु जुट जाएं। प्रदेश सरकार आपके साथ है। मुख्यमंत्री से मिलने वालों में नगर पंचायत बिश्रामपुर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती निर्मला यादव, नगर पंचायत उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान, नगर पंचायत शिवनंदनपुर के अध्यक्ष कृष्ण कुमार गोयल बलू, उपाध्यक्ष श्यामू साहू ,संचालन समिति के सदस्य सीती कांत स्वाई, मनी बग्गा, आदि ने कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम, महिला विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ,प्रेम नगर विधायक फूलन सिंह मरावी , पूर्व गृह मंत्री राम सेवक पैकरा,जिला भाजपा अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी ,पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष अजय गोयल, बाबूलाल गोयल, मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर राजवाड़े सहित भीमसेन अग्रवाल , पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश यादव प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## शिवानी महिला समिति ने जरूरतमंदों में आवश्यक सामग्रियों का किया वितरण छात्राओं को भी दी साइकिले

**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार )**-श्रद्धा महिला मंडल के सामाजिक कल्याणकारी कार्यों से प्रेरित हो कर समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व को निभाते हुए शिवानी महिला समिति एस ई सी एल बिश्रामपुर क्षेत्र की अध्यक्षा ममता तिवारी एवं उनके सहयोगियों के द्वारा मैत्री भवन कुम्दा में छात्रों की साइकिल एवं जरूरतमंदों को आवश्यक सामग्रियां वितरित की गई। उक्त प्रशंसनीय कार्य गोविंदपुर, कसकेला, कमलापुर, करमपुर, के 20 जरूरत मंद ग्रामीणों को मच्छरदानी दी गई जबकि पांच छात्रों के बीच में उन्हें साइकिल का वितरण किया गया। कुमारी करिश्मा,कुमारी शालिनी,कुमारी नीतू ,कुमारी प्रियंका कुमारी भारती छात्राओं ने शिवानी महिला मंडल समिति के अध्यक्ष एवं उनकी टीम को इस होने कार्य को भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया। शिवानी महिला समिति ने ग्रामीणों के बीच में 40 फूड







पैकेट्स का वितरण भी किया उक्त अवसर पर शिवानी महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती ममता तिवारी ने सभी लाभार्थियों को संबोधित करते हुए मच्छर एवं उससे होने वाले बीमारियों से बचने के लिए मच्छरदानी का उपयोग करने के लिए कहासाथ ही साईकिल का उपयोग अपने कार्य स्थल एवं स्कूलों में समय से पहुंचने में करें और खूब पढ़े माता-पिता का नाम रोशन करें समय पर कक्षाओं में जाएं हर समय पर घर लौटे इसकी अपील की । इस सामाजिक कल्याणकारी कार्यक्रम में श्रीमती ममता तिवारी, (अध्यक्षा शिवानी महिला समिति, बिश्रामपुर क्षेत्र) के साथ श्रीमती शैलजा, श्रीमती मानिक झा, श्रीमती मधु सिंह, श्रीमती गायत्री शर्मा, श्रीमती देविका देवी, श्रीमती स्वप्ना त्रिपाठी, श्रीमती राज श्री नारायण, श्रीमती मोनिका दास, श्रीमती माधुरी लहरे, श्रीमती डेजी सिंह एवं अन्य सदस्यों की सहभागिता रही.

## संक्षिप्त समाचार

### निर्माणाधीन दीवार गिरी दो मजदूरों की मौत

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले के कटघोरा में दीवार गिरने से दो मजदूरों की दबकर दर्दनाक मौत हो गई। वहीं कुछ मजदूर घायल हो गये । सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और मलबे में दबे मजदूरों को बाहर निकाला। मिली जानकारी के अनुसार घटना कटघोरा स्थित लखनपुर बरभाटा की है,जहां न्यू वैष्णवी राईस मिल में निर्माण कार्य चल रहा था। शुक्रवार को अचानक शाम के समय अचानक तेज आंधी और बारिश शुरू हो गई, जिससे न्यू वैष्णवी राइस मिल की निर्माणाधीन दीवार भरभराकर गिर गई। दीवार गिरने से वहां काम कर रहे 8 मजदूर दीवार के नीचे दब गये। घटना की सूचना मिलते ही कटघोरा थाना पुलिस की पूरी टीम के साथ मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और मलबे में दबे मजदूरों को बाहर निकाला। इस घटना में दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छह अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल मजदूरों को तत्काल स्थानीय अस्पताल पहुंचाया गया, जबकि मृतकों के शवों को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया। फिलहाल, पुलिस और प्रशासन इस पूरे हादसे की जांच में जुट गया है।

### कैदियों को पहुंचाया गांजा,जेल के चार प्रहरी निलंबित

**अंबिकापुर(विश्व परिवार)।** सेंट्रल जेल अंबिकापुर में बंद कुख्यात आरोपी को गांजा उपलब्ध कराने के मामले में जेल के चार प्रहरियों को निलंबित किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार अंबिकापुर सेंट्र्ल जेल में बंद कुख्यात कैदी कुलदीप साहू और दुर्ग निवासी महादेव सट्टा ऐप का आरोपी दीपक नेपाली के वार्ड में संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिली थी। 17 मार्च को बैरक की जांच कराई गई तो मोबाइल और गांजा मिला था। जैसे ही इसकी जानकारी मिली तो अंबिकापुर कलेक्टर विलास भोस्कर और एसपी योगेश पटेल सेंट्र्ल जेल पहुंचे और बैरक की जांच की। उच्च सुरक्षा बैरक में कड़ी निगरानी होने के बाद भी इन दो कुख्यात कैदियों तक गांजा और मोबाइल कैसे पहुंचा इसकी जाँच की जा रही है। साथ ही मामले में चार प्रहरियों को भी निलंबित कर दिया गया है। बता दें कि आरोपी कुलदीप साहू सूरजपुर जिले के हेड कॉस्टेबल की पत्नी-बेटी की हत्या में मामले में तथा दीपक नेपाली के महादेव सट्टा ऐप के मामले में अंबिकापुर जेल के हाई सिक्योरिटी वाले बैरक में बंद है।

### रंगपंचमी पर बांधाखार में मना होली मिलन

**कोरबा(विश्व परिवार)।** बांधाखार में रंग पंचमी के अवसर पर भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्तियों और स्थानीय लोगों ने भाग लिया। इस आयोजन में भाजपाजिला अध्यक्ष मनोज शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष पवन सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष निकिता मुकेश जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष दीपिका राजेंद्र राजपूत, पूर्णिमा शोभा जगत, जनपद सदस्य मनोज कुमार और रूपेश कुमार सहित भाजपा के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। रंगों के इस उल्लासमय माहौल में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी हुईं, जिसमें स्थानीय कलाकारों ने शानदार नृत्य और संगीत प्रस्तुत कर समा बांध दिया। भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि होली प्रेम, भाईचारे और सद्भाव का त्योहार है। यह समाज में आपसी सौहार्द और एकता को मजबूत करता है। इसी तरह, जिला पंचायत अध्यक्ष पवन सिंह ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी को होली की शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह आयोजन समाज को जोडने का एक बेहतरीन जरिया है। नगर पालिका अध्यक्ष दीपिका ने कहा कि रंग पंचमी पर इस तरह के कार्यक्रमों से सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिलता है। सभी जनप्रतिनिधियों और उपस्थित लोगों ने इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लिया और एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

### जायसवाल समाज का होली मिलन समारोह संपन्न

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कटघोरा विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी 20 मार्च को कलचुरी पब्लिक स्कूल कटघोरा में जायसवाल समाज का होली मिलन कार्यक्रम साय 5 बजे संपन्न हुआ ।कार्यक्रम में जायसवाल महिला समाज के जिला अध्यक्ष डॉक्टर शंकुतला जायसवाल एवं किरण जायसवाल महिला समाज के अध्यक्ष आए हुए सभी महिला अभ्यागतो का एवं शिवशंकर जायसवाल जिला सचिव जायसवाल समाज कल्याण समिति कोरबा ने उपस्थित अभ्यागतो का स्वागत रंग गुलाल लगाकर किया गया। डॉ शकुंतला जायसवाल ने कहा कि होली धार्मिक पर्व है जो बुराई पर अच्छाई की जीत होती हैं।

दैनिक
# विश्व परिवार

विचार-पक्ष

रायपुर सोमवार 24 मार्च 2025

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com



## संपादकीय

### नई चोट, नए जख्म....

इक्विटी बाजार में गिरावट से घरेलू आय और उपभोग में भी गिरावट आ सकती है, जिसका असर आर्थिक विकास पर पड़ेगा। स्पष्टत: यह निवेशक आधार के अधिक व्यापक होने की कीमत है। इससे भारत का आर्थिक दुश्चक्र और संगीन हो रहा है। अमेरिका के टैरिफ वॉर से पहले से ही कमजोर भारत की घरेलू अर्थव्यवस्था पर नए जख्म लग रहे हैं। इसकी एक मिसाल औषधि उद्योग है, जहां अनेक दवा कारखानों के बंद होने का अंदेशा गहरा गया है। रुबिक्स डेटा एजेंसी के आकलन के मुताबिक अमेरिका में ऊंची शुल्क दर से यहां उत्पादन लागत बढ़ जाएगी, जिससे अमेरिकी बाजार में भारतीय दवाइयां मुकाबले में पिछड़ने लगेंगी। इसकी सबसे तीखी मार जेनेरिक फॉर्मूलेशन, एक्टिव फॉर्मास्यूटिकल इंग्रेडिएंटेस, और कॉन्ट्रैक्ट रिसर्च, डेवपमेंट एंड मैनुफैक्चरिंग संगठन पर पड़ने की आशंका है। इस बीच टैरिफ वॉर से शेयर बाजार में उथल-पुथल बढ़ी है। वैसे ही विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) भारतीय बाजारों से पैसा निकाल रहे थे, लेकिन ट्रंप काल में ये रफ्तार और तेज हो गई है। सितंबर के बाद से ये निवेशक 27 बिलियन डॉलर से अधिक रकम निकाल चुके हैं। ब्लूमबर्ग इंटेलिजेंस के आंकड़ों के मुताबिक 2008 की वैश्विक मंदी के बाद से भारतीय बाजार में यह एफआईआई की सबसे बड़ी बिकवाली है। इसका सीधा असर मध्य वर्गीय परिवारों में महसूस किया जा रहा है। कोरोना काल के बाद शेयर बाजारों में आई उछाल ने करोड़ों लोगों को वित्तीय संपत्तियों में निवेश के लिए प्रेरित किया। दस करोड़ से अधिक नए निवेशकों ने शेयर बाजार में प्रवेश किया। अपनी बचत- और कुछ लोगों ने तो कर्ज तक लेकर इस कारोबार में पैसा लगाया। शेयरों की बढ़ती कीमत ने उनमें समृद्धि की नई आस जगाई थी। लेकिन अब अचानक इस पर तुषारापात हुआ है। लोगों की बनी रकम हवा में गायब हो रही है। अब तक बाजार से लगभग एक लाख करोड़ रुपये हवा हो गए हैं। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के एक विशेषज्ञ ने आगाह किया है कि इक्विटी बाजार में गिरावट से घरेलू आय और उपभोग में भी गिरावट आ सकती है, जिसका असर आर्थिक विकास पर पड़ेगा। स्पष्टत: यह निवेशक आधार के अधिक व्यापक होने की कीमत है। तो कुल मिला कर भारत का आर्थिक दुश्चक्र संगीन हो रहा है। वित्तीय संपत्तियों में उछाल जमीनी अर्थव्यवस्था का प्रतिबिंब तो नहीं थी, मगर उसमें गिरावट से वास्तविक अर्थव्यवस्था पर भी ग्रहण अधिक अंधकारमय होता दिख रहा है

# प्रकृति संरक्षण के कृतसंकल्प लिए जाएं

**विकेश कुमार बडोला**

आज के प्रगतिवादी, आधुनिक और तर्कशील व्यक्ति अपनी कपोल कल्पना के वशीभूत होकर प्राचीन लोगों को मूर्ख समझते हैं, किंतु उन्हें जलवायु की दुर्दशा देखकर अपने बारे में भी यह सत्य जानने-समझने की अति आवश्यकता है कि अपने जीवन के आधार पंचतत्त्वों को पराकाष्ठा तक विकृत करने में वे सर्वाधिक दोषी हैं। पहले के मनुष्य जीवन की प्रत्येक गतिविधि को दूरदर्शी नीतियों के अनुसार निर्धारित करते थे आधुनिक प्रगति की असंख्य उलझी हुई समस्याओं के साथ निरंतर उत्पन्न होतीं मौसम संबंधी अस्थिरताएं भी मनुष्य को हतप्रभ कर रही हैं। इस बार होली दिवस के संध्याकाल से ही भारत सहित विभिन्न देशों में जलवायु प्रतिकूल होनी आरंभ हो गई। परिणाम में जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड की संपूर्ण पर्वतमाला के ऊंचे शिखरों पर हुए हिमपात, वर्षा, आंधी-तूफान द्वारा जलवायु पुन: अस्थिर हो उठी है। होली दिवस के अपराह्न काल से आरंभ हुआ ऐसा अप्रत्याशित जलवायु परिवर्तन पहले कभी यदा-कदा ही घटित हुआ होगा। ऐसा परिवर्तन वायुमंडल की वातानुकूलन स्थिति को ध्वस्त कर रहा है। यह दुष्चक्र विगत दस-पंद्रह वर्षों से तीव्रतापूर्वक अप्रकट रूप में घूम रहा है। इस पर आधुनिक विज्ञान और वैज्ञानिकों का कोई नियंत्रण नहीं है। यह मनुष्य के अल्पावधि के जीवन को भी केवल और केवल कठिनाइयों, समस्याओं व पीड़ाओं से घेर रहा है। इस लेखक ने स्वयं पहाड़ी क्षेत्र में रहते हुए 14 मार्च को रात 12 बजे के बाद से लेकर 15 मार्च प्रात: 9 बजे तक भयंकर तेज हवाओं, अंधड़, तूफान और घन गर्जनाओं का सामना किया। वायु की गति इतनी तीव्र थी कि विशाल आकार के बीस-पच्चीस फुट लंबे-चौड़े वृक्ष जड़मूल धराशायी हो गए। घन गर्जनाएं ऐसी प्रतीत हुईं कि घर को नींव से भी नीचे गहरे जाकर उखाड़ रही हों। घरों में बनाए हुए अपने घोंसलों में रहने वाले गौरैया पक्षी इस विध्वंसकारी वातावरण में बाहर निकलने का साहस नहीं कर सके। विशाल वृक्षों को तोड़-मरोड़ कर रख देने वाली तेज हवाओं के सम्मुख नन्हे पक्षियों का क्या अस्तित्व! प्राय: ब्रह्म मुहूर्त में अपनी चहचहाटों के साथ फुदकने वाले गौरैया सहित अनेक अन्य पक्षी इस जलवायुगत विपत्ति में नि:श्वास एवं अस्तित्वहीन



होकर दुबके हुए थे। ऐसे में क्या मनुष्य का घर और क्या पक्षी का घोंसला, सभी आश्रयस्थल असुरक्षित थे। इस प्रतिकूल परिस्थिति में पूरा जीवन ही असुरक्षित हो उठा था। यह सभी कुछ होने की समयावधि में जो जन गहरी नींद में थे, उनके निद्रास्वास्थ्य का अभिनंदन है। किंतु यह लेखक तो पूरे छह-सात घंटे तक प्रकृति के विनाशक तांडव के थमने, रुकने की ही प्रतीक्षा करता रहा। यह पारिस्थितिकी असंतुलन भारत के वायुमंडल तक ही सीमित नहीं था। इसी समयावधि में अमेरिका के मध्य-पश्चिमी व दक्षिणी क्षेत्र के मिसौरी, अर्कांसस, टेक्सास, ओक्लाहोमा, कंसास और मिसिसिपी में भी आंधी-तूफान, वर्षा-हवाओं के कारण 34 लोग मारे गए और 29 घायल हो गए। अमेरिका के इन क्षेत्रों में भी वैसी ही अग्नि भडकी हुई है जैसी जनवरी में कैलिफोर्निया के जंगलों में थी। हवाओं से अग्नि का तीव्र प्रसार हो रहा है। परिणामत: मिसिसिपी, अलबामा और टेनेसी सहित अनेक क्षेत्रों के लगभग नब्बे लाख लोग तेज हवाओं से प्रज्वलित अग्नि बवंडर से प्रभावित हो सकते हैं। वहां आठ करोड़ अट्ठाईस लाख की जनसंख्या को हवा के अलर्ट के बारे में सूचित किया गया है। मौसम का विनाशक घूर्णनकारी चक्र अमेरिका के मध्य क्षेत्र से होकर के पूर्व की ओर बढ़ रहा है। इस कारण जॉर्जिया में अत्यधिक वर्षा, अकस्मात बाढ़ आने, विनाशकारी हवा के झोंकों के चलने और तीव्रतापूर्वक फैल रहे बवंडर का संकट व्याप्त है। भारत और अमेरिका ही नहीं, दुनिया के अनेक देशों, भूभागों और इनमें रह रहे लोगों पर 14-15 मार्च का जलवायु उत्पात गहन संकट बनकर छाया। ऐसा गत पंद्रह वर्षों में कम प्रभाव के साथ, गत दस वर्षों में अधिक प्रभाव के साथ और अब विगत एक-दो वर्षों में अत्यधिक प्रभाव के साथ निरंतर कुछ-कुछ दिनों के अंतराल पर हो ही रहा है। जब मौसम मानवजाति के सिर पर विनाश की छतरी बनकर तन चुका है, तो क्या मानवों को अभिशप्त वैज्ञानिक प्रतिस्पर्द्धा और परिणामकारी जैविक व जीवन संबंधी गतिविधियों पर नियंत्रण का कार्य अभ्यास आरंभ नहीं कर देना चाहिए? मौसम के अप्रत्याशित संकटों के सम्मुख मानव का विज्ञान-लालच कोई महत्त्व नहीं रखता है। अत: विज्ञान के आत्मघाती प्रयोगों को रोककर मानवीय जीवन को पुन: आत्मनिर्भर ग्रामीण व्यवस्था की ओर अग्रसर करने का समय आ चुका है। कोरोना महामारी के बाद तो ऐसा हो भी जाना चाहिए था, किंतु विश्व के कर्ताधर्ता ऐसा नहीं चाहते हैं। वे महामारीजन्य अनेक असुरक्षाओं के बाद भी मनुष्य को प्रगति का दास बनाए रखने की प्रेरणा दे रहे हैं। वे मनुष्य को प्राकृतिक जीवन, स्वास्थ्य, खाद्यान्न, आनंद देने की स्थिति में तो नहीं हैं, किंतु वैज्ञानिक प्रगति के मंत्र से मुग्ध करके उसे अप्राकृतिक रूप में मरने-खपने और मरने-खपने की इस प्रतियोगिता से लगाव रखने की सीख देने में अवश्य सफल हैं। वैज्ञानिकों, पूंजीधारकों, उद्योगकारों और इनके अनुसार शासन हांकने वाले शासकों को अंतत: कितना अधिक साधन-संसाधन संपन्न होना है! ऐसी संपन्नता की कोई सीमा भी तो होगी। यदि ऐसे लोग प्रकृति के प्रकट व गुप्त तत्त्वों का राक्षसी दोहन करते हुए अपने संबंधियों और समर्थकों के लिए भी साधनों-संसाधनों की विशाल मात्रा एकत्र कर देना चाहते हैं, तो करें। इस हेतु वे अपने व अपने संबंधियों के लिए साधनों-संसाधनों के मूल्य प्रतीक और अर्थव्यवस्था के शक्ति संकेत के स्वरूप में विद्यमान मुद्रा को वास्तविक अथवा आभासी रूप में मनचाही मात्रा में एकत्र कर लें। वे ऐसा कर भी रहे हैं। किंतु गहन आश्चर्य है कि ऐसा करने के बाद भी उनका लालच रुक नहीं रहा। उन्हें स्वयं और अपनी पीढियों के लिए मनचाही मात्रा में एकत्र की हुई मुद्रा भी कम ही लग रही है। यदि मनुष्यगण ऐसी ही प्रवृत्ति से ग्रस्त रहेंगे तो इसका अंतिम दुष्परिणाम प्रकृति की विनाश लीला के रूप में ही सामने होगा। साधन-संसाधन संपन्न मनुष्यों को बारंबार यह सूत्र स्मरण करने की आवश्यकता है कि वे उपलब्ध पंचतत्त्वों का आसुरी दोहन करके वैज्ञानिक-आधुनिक प्रगति तो कर सकते हैं, परंतु पंचतत्त्वों की विकारग्रस्तता के कारण उत्पन्न होने वाली अप्रत्याशित पर्यावरणीय प्रतिक्रियाएं नहीं थाम सकते। आज के प्रगतिवादी, आधुनिक और तर्कशील व्यक्ति अपनी कपोल कल्पना के वशीभूत होकर प्राचीन लोगों को मूर्ख समझते हैं, किंतु उन्हें जलवायु की दुर्दशा देखकर अपने बारे में भी यह सत्य जानने-समझने की अति आवश्यकता है कि अपने जीवन के आधार पंचतत्त्वों को पराकाष्ठा तक विकृत करने में वे सर्वाधिक दोषी हैं। पहले के मनुष्य जीवन की प्रत्येक गतिविधि को दूरदर्शी नीतियों के अनुसार निर्धारित करते थे। अपने जीवन को जीते हुए, उसे संभालते हुए, उसका चहुंदिश आनंद लेते हुए और उसका सम्मान करते हुए वे हमारी अर्थात् अपनी भावी पीढ़ी की पर्यावरणीय सुरक्षा के बारे में भी विचार किया करते थे। यदि वे हमारी चिंता न करते और हमारी ही तरह पंचतत्त्वों का कठोरतापूर्वक दोहन करते तो क्या वर्तमान धरती, आकाश और अन्य जीवन-तत्त्व हमारे लिए उपलब्ध रह भी पाते। आज के वैज्ञानिकों से लेकर साधारण जन को इस बिंदु पर अवश्य विचार करना चाहिए। संभवत: तब हमारे भीतर प्रकृति के प्रति सम्मान उत्पन्न हो सके और तत्पश्चात हम उसका क्रूर दोहन न कर अपनी भावी पीढ़ी हेतु उसे संरक्षित करने के कृतसंकल्प लें।

## आलेख

### शिष्टाचार पुलिस क्या बला है?

अजीत द्विवेदी पुलिस और शिष्टाचार आमतौर पर एक दूसरे के विपर्यय यानी एक दूसरे के विपरीत अर्थ वाले माने जाते हैं। तभी जब भी पुलिस सुधारों की बात होती है तो सबसे पहले पुलिसकर्मियों को शिष्टाचार का प्रशिक्षण देने की बात कही जाती है। उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक रहे प्रकाश सिंह ने भी अपनी सिफारिशों में यह बात कही है तो देश की पहली महिला आईपीएस अधिकारी किरण बेदी ने कई इंटरव्यू में इस पर जोर दिया कि पुलिस को आधुनिक तकनीक व हथियारों का प्रशिक्षण देने के साथ साथ सार्वजनिक जीवन में आम नागरिकों के साथ सभ्य और सलीके का व्यवहार करने का प्रशिक्षण भी देना चाहिए। दुनिया के सभ्य व विकसित देशों में नागरिक पुलिस को दोस्त मानते हैं तभी वहां अभिभावक अपने बच्चों को किसी भी संकट की स्थिति में पुलिस के पास जाने की सलाह देते हैं, जबकि भारत में भले लोग यज्ञ, हवन आदि कराते हैं कि पुलिस से पाला न पड़े। अभिभावक अपने बच्चों को पुलिस से दूर रहने की सलाह देते हैं। कुल मिला कर स्थिति यह है कि पुलिस की मौजूदगी आमतौर पर लोगों को सुरक्षा का अहसास नहीं कराती है, बल्कि भय और असुरक्षा का भाव पैदा करती है। तभी दिल्ली में 'एंटी ईव टीजिंग स्क्वॉड' का गठन और उसका नाम 'शिष्टाचार स्क्वॉड' रखने का दिल्ली सरकार का फैसला बहुत दिलचस्प जान पड़ता है। यह मानने में कोई हिचक नहीं है कि यह फैसला राजनीतिक है और राजनीतिक कारणों से किया गया है। जिस तरह से उत्तर प्रदेश सरकार ने एंटी रोमियो स्क्वॉड का गठन किया, जिसका घोषित मकसद तो महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना था लेकिन असल में लव जिहाद के अपने चुनावी एजेंडे को ध्यान में रख कर राज्य सरकार ने यह फैसला किया था। राजधानी दिल्ली में सीधे तौर पर लव जिहाद रोकने के लिए किसी एंटी रोमियो स्क्वॉड के गठन की बात नहीं की जा सकती थी इसलिए महिलाओं के साथ होने वाली छेड़छाड़ और अपराध को रोकने के लिए 'शिष्टाचार स्क्वॉड' बनाने की घोषणा हुई है। ऐसा लग रहा है कि यह स्क्वॉड शिष्टाचार की बजाय नैतिकता पुलिस के तौर पर काम करेगी। इससे लड़कियां और महिलाएं सुरक्षित महसूस करेंगी या नहीं यह नहीं कहा जा सकता है लेकिन युवा जोड़े इनसे आशंकित जरूर रहेंगे। बजरंग दल के कार्यकर्ता वेलेंटाइन डे वगैरह पर जो काम अनधिकृत रूप से करते हैं उसी से मिलता जुलता काम यह स्क्वॉड सालों भर अधिकृत रूप से करेगा। यह भाजपा की नई राज्य सरकार का एजेंडा इसलिए भी लग रहा है क्योंकि आम आदमी पार्टी की 10 साल की सरकार के समय भी तो पुलिस केंद्र की भाजपा सरकार के पास ही थी। तब इस तरह का स्क्वॉड बनाने की जरुरत क्यों नहीं महसूस की गई थी?ऐसा मानने का आधार यह भी है कि अगर दिल्ली सरकार चाहती है कि वह महिलाओं को सुरक्षित रखे भी और सुरक्षित महसूस भी कराए तो उसके लिए अलग से किसी पुलिस फोर्स की जरुरत नहीं है। सामान्य पुलिसिंग को चाक चौबंद करके ऐसा किया जा सकता है। महिलाओं के साथ अपराध की जो शिकायतें पुलिस के पास पहुंचती है उन शिकायतों को तत्काल दर्ज किया जाए और कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तो अपने आप महिलाओं के प्रति अपराध में कमी आएगी। ऐसे ही महिलाओं के खिलाफ अपराध के जो मामले पहले से दर्ज हैं अगर पुलिस उन मामलों में जल्दी से जल्दी सजा करा देती है तो उससे भी अपराधियों में खौफ बनेगा। यह ध्यान रखने की जरुरत है कि सार्वजनिक जगहों पर महिलाओं के साथ उतने अपराध नहीं होते, जितने घरों में, परिचितों की मौजूदगी में, स्कूल व कॉलेजों में या कार्यस्थलों पर होते हैं। वहां न तो पुलिस मौजूद रह सकती है और न 'शिष्टाचार स्क्वॉड' के लोग मौजूद रहेंगे। इसलिए महिलाओं को इस बात के लिए प्रोत्साहित करना होगा कि वे झिझक छोड़ कर या पुलिस का डर छोड़ कर अपनी शिकायत दर्ज कराएं। उनमें यह भरोसा स्थापित करना होगा कि थानों में उनके साथ बदसलूकी नहीं होगी या उनकी कमजोरी का फायदा नहीं उठाया जाएगा। यह सुनिश्चित करना होगा कि उनकी शिकायत पर पुलिस ईमानदारी से और त्वरित कार्रवाई करेगी। यह सुनिश्चित करने की बजाय सरकार 'शिष्टाचार स्क्वॉड' बना रही है, जबकि यह काम सामान्य पुलिसिंग के जरिए हो सकता है। महिलाओं के साथ छेड़छाड़ या उनके प्रति अपराध की घटनाओं को रोकने के लिए इस तरह के दिखावे की जरुरत नहीं है, बल्कि व्यापक और समग्र योजना बनाने की जरुरत है। इसमें महिला थानों व महिला पुलिसकर्मियों की संख्या बढ़ाना एक उपाय है।

# कितनी लड़ाई लड़ेंगे दक्षिणी राज्य.... ?

**अजीत द्विवेदी**

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की आमंत्रण पर शनिवार, 22 मार्च को आठ राज्यों के मुख्यमंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री या उनके प्रतिनिधि चेन्नई में जुटने वाले हैं। तमिलनाडु के अलावा केरल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक के प्रतिनिधि इस बैठक में शामिल होंगे। इनके अलावा दो पूर्वी राज्य, पश्चिम बंगाल और ओडिशा और एक उत्तरी राज्य पंजाब को भी न्योता दिया गया है। इन राज्यों के प्रतिनिधि मुख्य रूप से लोकसभा सीटों के परिसीमन पर चर्चा करेंगे। परिसीमन के अलावा दक्षिणी राज्यों ने कई अन्य मुद्दों पर केंद्र सरकार के खिलाफ लड़ाई छेड़ी है। आंध्र प्रदेश को छोड़ कर तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक और तेलंगाना में भाजपा विरोधी दलों की सरकार है। ये सभी सरकारें आशंकित हैं। उनकी आशंका कुछ तो जायज कारणों से है और कुछ राजनीतिक कारणों से भी है। कम से कम चार मसले ऐसे हैं, जिन पर इन राज्यों ने मोर्चा खोला है। एक मसला वित्त का है। दक्षिण भारतीय राज्यों का कहना है कि वे ज्यादा कर दे रहे हैं और जीडीपी में ज्यादा भागीदारी दे रहे हैं लेकिन उस अनुपात में उनको केंद्रीय बजट से कम पैसे मिलते हैं और करों में भी उनकी हिस्सेदारी कम होती जा रही है। दूसरा मुद्दा शिक्षा का है। नई शिक्षा नीति को लेकर ये राज्य केंद्र का विरोध कर रहे हैं। इससे पहले मेडिकल में दाखिले के लिए होने वाली नीट परीक्षा का भी तमिलनाडु ने विरोध किया था। नई शिक्षा नीति के मसले पर तो चार दक्षिणी राज्यों के साथ हिमाचल प्रदेश और झारखंड की दो सरकारें भी शामिल हैं। तीसरा मुद्दा भाषा का है, जिस पर लड़ाई की कमान तमिलनाडु ने संभाली है और चौथा मुद्दा परिसीमन का है, जिस पर सभी दक्षिणी राज्य लड़ने को तैयार हैं और दूसरी विपक्षी पार्टियों को भी इस लड़ाई में शामिल कर रही हैं। इन सभी मुद्दों की अपनी अपनी जगह पर अहमियत है लेकिन उससे बड़ा सवाल यह है कि क्या इतने मुद्दों पर केंद्र के साथ टकराव का एक खास राजनीतिक व सामाजिक नैरेटिव नहीं बन रहा है, जिससे देश के लोगों में विभाजन बढ़ सकता है और वास्तविक टकराव हो सकता है? क्या इससे तमिलनाडु और दूसरे दक्षिणी राज्यों में केंद्र सरकार के बहाने उत्तर भारत के राज्यों और लोगों के प्रति नाराजगी नहीं बन रही है? तभी जरूरी मुद्दों पर केंद्र के साथ टकराव के बीच भी दक्षिण भारत के राज्यों को सावधानी बरतनी होगी ताकि टकराव उत्तर और दक्षिण का न बने। संभवत: इसी सोच में तमिलनाडु ने पहल करके पूर्वी और उत्तरी राज्यों को अपने साथ जोड़ा है। नई शिक्षा नीति के मसले पर छह राज्यों के शिक्षा मंत्रियों की वार्ता हुई, जिसमें झारखंड और पंजाब को भी रखा गया तो परिसीमन के मसले पर 22 मार्च को बुलाई बैठक में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने सात राज्यों के नेताओं को चिट्ठी लिखी है, जिसमें ओडिशा, पश्चिम बंगाल और पंजाब को भी शामिल किया है। गौरतलब है कि ओडिशा में भाजपा की सरकार है। वहां के मुख्यमंत्री निश्चित रूप से स्टालिन के बुलावे पर चेन्नई नहीं जाएंगे लेकिन उनको चिट्ठी लिख कर स्टालिन ने यह संदेश दिया है कि वे जो मसले उठा रहे हैं वह सिर्फ दक्षिणी राज्यों तक या सिर्फ गैर भाजपा दलों तक सीमित नहीं है। बहरहाल, दक्षिण के राज्य केंद्रीय करों के बंटवारे और केंद्र सरकार के अनुदान को लेकर काफी समय से अपना विरोध जताते रहे हैं। उनका कहना है कि उन्होंने जनसंख्या के साथ साथ आर्थिकी का बेहतर प्रबंधन किया है। लेकिन इसका लाभ देने की बजाय केंद्र सरकार उनको इसकी सजा दे रही है। उनका यह भी कहना है कि वे ज्यादा राजस्व संग्रह कर रहे हैं लेकिन उसके अनुपात में उनको कम हिस्सा मिल रहा है, जबकि कम राजस्व संग्रह वाले बड़ी आबादी के राज्यों को ज्यादा हिस्सा मिल रहा है। इसका मतलब है कि जिस तरह आबादी ज्यादा होने की वजह से उत्तर भारत के राज्यों का राजनीतिक प्रतिनिधित्व ज्यादा है उसी तरह आबादी और गरीबी की वजह से उनको वित्तीय मदद भी ज्यादा मिल रही है। इस सिलसिले में पिछले साल फरवरी में डीएमके के एक सांसद ने राजस्व संग्रह और राज्यों के बीच उसके बंटवारे को लेकर संसद में सवाल पूछा था। इसके जवाब में केंद्र सरकार ने बताया कि तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना और केरल ने पिछले पांच वर्षों में प्रत्यक्ष करों के माध्यम से सामूहिक रूप से 22.26 लाख करोड़ रुपए से अधिक का योगदान दिया, जबकि केवल 6.42 लाख करोड़ रुपए ही इन राज्यों को हस्तांतरित किए गए। इसके उलट, उत्तर प्रदेश ने इसी अवधि में सिर्फ 3.41 लाख करोड़ रुपए का योगदान किया और उसे 6.91 लाख करोड़ रुपए आवंटित किए गए। अप्रत्यक्ष कर यानी जीएसटी में निश्चित रूप से उत्तर प्रदेश का योगदान ज्यादा होगा। असल में 15वें वित्त आयोग ने कर हस्तांतरण के निर्धारक के रूप में 2011 की जनगणना का उपयोग करके उत्तर और दक्षिण के विभाजन को और बढ़ा दिया। इससे पहले आयोग के कामकाज में 1971 और 2011 की जनगणनाओं का मिश्रण शामिल था, उसका उद्देश्य प्रभावी जनसंख्या नियंत्रण उपायों के लिए राज्यों को पुरस्कृत करना था। हालांकि, 2011 की जनगणना पर निर्भरता ने एक ऐसी स्थिति पैदा कर दी, जहां उत्तर प्रदेश जैसे बड़ी आबादी वाले राज्यों को काफी अधिक हिस्सा मिलता है, जिससे कम आबादी वाले दक्षिणी राज्य नुकसान में रह जाते हैं। उत्तर प्रदेश को हस्तांतरित करों का 18 फीसदी मिला, जबकि तमिलनाडु को 4.2 फीसदी, कर्नाटक को 3.65 फीसदी, तेलंगाना को 2.13 फीसदी, आंध्र प्रदेश को 4.11 और केरल को सिर्फ 1.96 फीसदी मिलता है। ऊपर से केंद्र सरकार ने हस्तांरित होने वाले करों को स्थिर रखा है और सेस व सरचार्ज बढ़ा दिया है, जो उसके पास ही रह जाता है। प्रत्यक्ष कर पहले से केंद्र सरकार वसूलती है और जीएसटी के जरिए अप्रत्यक्ष कर वसूलने का अधिकार भी केंद्र को दे दिया गया है।

# नए बजट की दशा और दिशा....

**केआर भारती**

पुरानी टैक्सियों को ई-टैक्सियों में बदलने के लिए ऋण सुविधा, सोलर पॉवर को बढ़ावा देने के लिए उद्यमियों, विशेषकर युवाओं को ऋण पर ब्याज उपदान की घोषणा करना, राज्य में उद्योग को आकृष्ट करने के लिए दो महीने के अंदर उन्हें सारी क्लीयरेंस देना, धार्मिक, साहसी, मेडिकल पर्यटन को विकसित करना, पर्यटन को शहर से गांव की ओर ले जाना सही दिशा में सही कदम हैं, लेकिन जरूरत है इसे अमलीजामा पहनाने की। नए डेस्टिनेशन को विकसित करने की बातें वर्षों से चल रही हैं, परंतु धरातल पर आज तक कुछ उतर नहीं पाया है। दिहाड़ीदारों, आउटसोर्स वर्कर, आंगनवाड़ी व आशा वर्कर और अन्य कई कर्मियों की पगार बढ़ाना अच्छी बात है बाप बड़ा न भैया, सबसे बड़ा रुपया। कोई घर, संस्था या सरकार पैसे के बिना कुछ नहीं कर सकते। सरकारों का यह दायित्व होता है कि ज्यादा से ज्यादा साधन जुटाएं और चादर देख कर ही अपने पांव पसारें। भारतीय संविधान केंद्र और राज्य सरकारों को अगामी वित्तीय वर्ष के लिए अपनी आय और व्यय का लेखा-जोखा संसद या विधानसभा में प्रस्तुत करने के लिए बाध्य करता है जिसे वार्षिक वित्तीय विवरणिका कहा जाता है। इस विवरणिका को आम तौर पर बजट कह कर संबोधित किया जाता है। हिमाचल प्रदेश का वर्ष 2025-26 का बजट 17 मार्च को माननीय मुख्यमंत्री द्वारा विधानसभा में प्रस्तुत किया गया। इससे पहले 13 मार्च को प्रदेश का इकोनॉमिक सर्वे आया था। इकोनॉमिक सर्वे के अनुसार आर्थिक गति दर में 0.1 फीसदी की मामूली सी बढ़ोतरी हुई है। वर्ष 2023-24 में जो दर 6.6 फीसदी थी, 2024-25 में 6.7 फीसदी आंकी गई है। घरेलु सकल उत्पाद जो 2023-24 में 2.10 लाख करोड़ था, बढ़ कर 2.32 लाख करोड़ हो गया है। वर्ष 2023-24 में प्रति व्यक्ति आय जो 234782 रुपए थी, 9.6 प्रतिशत वृद्धि के साथ वर्ष 2024-25 में 257212 रुपए हो गई है जो एक अच्छा संकेत है। प्रदेश की महंगाई दर 5 प्रतिशत से घट कर 4.2 प्रतिशत पर आ गई है। हिमाचल का लेबर फोर्स पार्टीसिपेशन रेट 60.5 प्रतिशत है जो पड़ोस के सभी राज्यों से तो अधिक है। हिमाचल की बेरोजगारी दर 5.4 फीसदी आंकी गई है, लेकिन रोजगार कार्यालयों के अनुसार 675671 व्यक्ति अभी रोजगार की कतार में खड़े हैं। राज्य का 2025-26 का बजट 58514 करोड़ रुपए का है, जबकि गत वर्ष यह 58444 करोड़ का था। मात्र 70 करोड़ की वृद्धि हुई है। राज्य की कुल



अनुमानित राजस्व आय 42343 करोड़, तो अनुमानित व्यय 48733 करोड़ रुपए है। राजस्व घाटा 6390 करोड़ रुपए का और वित्तीय घाटा 10338 करोड़ का है। वित्तीय घाटा कुल सकल घरेलु उत्पाद का 4.4 प्रतिशत है जो एफआरबीएम की 3 फीसदी की सीमा से बाहर है। राज्य की सीमित आय को देखते हुए जाहिर है कि वित्तीय घाटा ऋण लेकर ही पूरा किया जा सकेगा। वेतन, पेंशन, ऋण व ऋण पर ब्याज की अदायगी और स्वायत्त संस्थाओं के अनुदान पर 76 प्रतिशत व्यय होना दर्शाया गया है। विकासात्मक कार्यों के हिस्से केवल 24 प्रतिशत राशि ही आएगी, जबकि पिछले वर्ष 28 प्रतिशत थी। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना, कृषि ऋण पर ब्याज उपदान योजना, मंडी तक अपना सामान ले जाने पर भाड़ा उपदान, बंदरों की समस्या से निजात पाने के लिए जंगलों में फल के पौधे लगाना और स्थानीय समुदायों को उससे जोडना आदि किसान हितकारी योजनाएं बजट में हैं। लेकिन आवारा बैल-गायों की समस्या के समाधान के लिए कुछ विशेष नजर नहीं आता। शिक्षा संस्थानों में युक्तिकरण सही है, लेकिन शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। स्कूलों में बढ़ती नशा प्रवृत्ति पर भी अंकुश की सख्त जरूरत है। चिकित्सा संस्थानों में एमआरआई और पेट स्कैन आदि नए उपकरण खरीदना समय की मांग है। इसी तरह महिला और बाल विकास की कल्याणकारी योजनाओं का भी जिक्र बजट में है, जिसे आगे ले जाने की आवश्यकता है। पुरानी टैक्सियों को ई-टैक्सियों में बदलने के लिए ऋण सुविधा, सोलर पॉवर को बढ़ावा देने के लिए उद्यमियों, विशेषकर युवाओं को ऋण पर ब्याज उपदान की घोषणा करना, राज्य में उद्योग को आकृष्ट करने के लिए दो महीने के अंदर उन्हें सारी क्लीयरेंस देना, धार्मिक, साहसी, मेडिकल पर्यटन को विकसित करना, पर्यटन को शहर से गांव की ओर ले जाना सही दिशा में सही कदम हैं, लेकिन जरूरत है इसे अमलीजामा पहनाने की। नए डेस्टिनेशन को विकसित करने की बातें वर्षों से चल रही हैं, परंतु धरातल पर आज तक कुछ उतर नहीं पाया है। दिहाड़ीदारों, आउटसोर्स वर्कर, आंगनवाड़ी व आशा वर्कर और अन्य कई कर्मियों की पगार बढ़ाना अच्छी बात है, लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण है आउटसोर्स कर्मियों को नियमित करने के लिए नीति निर्धारण करना। कर्मचारियों को 3 प्रतिशत डीए और 70 वर्ष से ऊपर के पेंशनरों को एरियर के भुगतान की घोषणा स्वागत योग्य है, परंतु देनदारियों को निपटाने में इस तरह तो कई दशक लग जाएंगे जो न कर्मचारियों के और न ही सरकार के हित में होगा। न्यायालयों ने अगर एरियर पर ब्याज देने को बाध्य किया तो मुश्किल और बढ़ जाएगी।

दैनिक
# विश्व परिवार

## रायपुर/धर्म समाज/देश

रायपुर, सोमवार 24 मार्च 2025

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com



## संक्षिप्त समाचार

### प्रथम तीर्थंकर श्री आदिनाथ जन्मकल्याणक महा महोत्सव पूर्ण भव्यता के साथ सम्पन्न



**जतारा ( विश्व परिवार )।** परम पूज्य नगर गौरव श्रमणाचार्य 108 श्री विमर्श सागर जी महाराज की जन्म नगरी जतारा में 1008 श्री आदिनाथ भगवान का जन्म कल्याणक महोत्सव पूर्ण भव्यता के साथ संपन्न हुआ। भारतीय जैन संगठन तहसील अध्यक्ष एवं जैन समाज उपाध्यक्ष अशोक कुमार जैन ने बताया कि जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर 1008 श्री ऋषभ देव या आदिनाथ भगवान का जन्म अयोध्या नगरी के राजा नाभिराय और माता मरु देवी के राजमहल में चैत्र कृष्ण नवमी के दिन हुआ था तीर्थंकर आदिनाथ इस युग के जैन संप्रदाय के प्रथम तीर्थंकर हैं। तीर्थंकर आदिनाथ भगवान के जन्म कल्याणक महोत्सव पर धर्म नगरी जतारा में प्रातः काल की बेला में 1008 श्री आदि प्रभु की भव्य शोभायात्रा (नगर परिक्रमा) पूर्ण भव्यता के साथ, प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान को पालकी में विराजमान करके, निकाली गई जो कि श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र आदिश्वर धाम जतारा से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए वापस जैन मंदिर पहुंची। मंदिर की में श्री जी का भव्य अभिषेक शांति धारा मुख्य पात्रों द्वारा संपन्न किया गया उपरांत भक्तामर महामंडल विधान संपन्न किया गया। शोभायात्रा में मुख्य रूप से जैन समाज जतारा अध्यक्ष महेंद्र जैन टानगा, विजय सगरवारा, पवन मोदी, सुनील बंसल, प्रकाश रोशन, संजीव सगरवारा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### एनआईटी रायपुर के ई सेल ने नवाचार और स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए ई-समिट 2025 का किया आगाज

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर का एंटरप्रेन्योरशिप सेल (ई-सेल) 22 और 23 मार्च को




बहुप्रतीक्षित ई-समेट 2025 की मेजबानी कर रहा है। दो दिवसीय शिखर सम्मेलन में प्रतियोगिताएं, पैनल चर्चाएं और स्टार्टअप एक्सपो शामिल हैं, जो छात्रों को वास्तविक दुनिया की व्यावसायिक चुनौतियों से निपटने और उद्यमशीलता कौशल विकसित करने के लिए एक मंच प्रदान करते हैं। कार्यक्रम की शुरुआत एक उद्घाटन समारोह से हुई, जहां डॉ. समीर बाजपेयी, प्रमुख, सीडीसी और डॉ. चंद्रकांत ठाकुर, फैकल्टी इन चार्ज, ई-सेल ने प्रतिभागियों का स्वागत किया। डॉ. बाजपेयी ने तकनीकी प्रगति की तीव्र गति पर प्रकाश डाला और छात्रों को अकादमिक से परे कौशल हासिल करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने अधिक दक्षता के लिए प्रौद्योगिकी को अभिनव रूप से लागू करने के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ. ठाकुर ने विश्वास व्यक्त किया कि इस वर्ष का शिखर सम्मेलन छात्रों को और अधिक प्रेरित करेगा और नवाचार को बढ़ावा देगा। स्टार्टअप एक्सपो में छात्रों के नेतृत्व वाले स्टार्टअप और अभिनव परियोजनाओं को प्रदर्शित किया गया, जो नेटवर्किंग, विचार-विमर्श और संभावित निवेश के लिए एक मंच प्रदान करता है। निवेशक पिचिंग सत्रों ने नवोदित उद्यमियों को निवेशकों के एक पैनल के सामने अपने व्यावसायिक विचार प्रस्तुत करने की अनुमति दी, जिसका उद्देश्य फंडिंग को सुरक्षित करना और मूल्यवान प्रतिक्रिया प्राप्त करना था। एक्सपो में रोडलाइन फ्लीट मैनेजमेंट सहित विविध उपक्रम शामिल थे, जिसने फ्लीट मालिकों और ट्रांसपोर्टरों के लिए जीपीएस समाधान प्रस्तुत किए।

# अंतरंग लक्ष्मी को प्राप्त करने का लक्ष्य प्रत्येक साधक का होता है : आचार्य श्री समयसागर जी महाराज

### कुण्डलपुर में प्रथम तीर्थंकर भगवान श्री आदिनाथ जी का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव आचार्य श्री समयसागर जी महाराज ससंघ सानिध्य में मनाया गया





**कुंडलपुर/दमोह ( विश्व परिवार )।** सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में जैनधर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान श्री आदिनाथ जी का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव विद्या शिरोमणि प.पू.आचार्य श्री समयसागर जी महाराज ससंघ सानिध्य में धूमधाम से मनाया गया।इस अवसर पर प्रातः भक्तामर महामंडल विधान, श्री आदिनाथ विधान, पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन, विधान हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने पूज्य बड़े बाबा का चरणाभिषेक किया। शांतिधारा का वाचन परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि श्री अभय सागर जी महाराज द्वारा किया गया। आचार्य श्री की पूजन हुई।

इस अवसर पर प.पू. आचार्य श्री समयसागर जी महाराज ने मंगल प्रवचन देते हुए कहा कि महावीर जयंती तो पूरे भारतवर्ष में मनाई जाती है किंतु आज आदिनाथ भगवान की जन्मजयंती जन्म कल्याणक का यह पुनीत पावन अवसर आप लोगों को प्राप्त हुआ है आज की तिथि में ही आदिनाथ भगवान का जन्म एवं तप कल्याणक दोनों अवसर आपको प्राप्त हो रहा है। वस्तुत:आगम ग्रन्थों के आधार पर यह बात समझ में आ जाती है कि मोहनीय कर्म के क्षय फलस्वरुप अथवा चार घातिया कर्म के क्षय फलस्वरुप केवलज्ञान की उपलब्धि होती है। किंतु केवली कई प्रकार के होते हैं उनमें सामान्य केवली का भी वर्णन मिलता है और तीर्थंकर केवली का भी वर्णन मिलता है।दोनों में अंतरंग दृष्टि से देखेंगे कर्मक्षय की दृष्टि से देखेंगे तो केवलज्ञान में कोई भी अंतर नहीं है। केवलज्ञान की दृष्टि से कोई भी अंतर नहीं पाया जाता। क्योंकि क्षायिक ज्ञान माना जाता अंत चतुष्टय की प्राप्ति सामान्य केवली हो तीर्थंकर केवली हो सबको प्राप्त हो चुका है। विशेषता यह है तीर्थंकर प्रकृति के वंध के फलस्वरुप जो की केवली और श्रुतकेवली के पादमूल में ही तीर्थंकर प्रकृति का वंध षोडसकारण भावना के माध्यम से होता है।ज्यो ही मोहिनी कर्म का क्षय हो जाता है तेरहवे गुण स्थान में तीर्थंकर प्रकृति का उदय हो जाता है। उस उदय के फलस्वरुप समोशरण की रचना होती है। आप लोग सुबह उठ जाते हैं स्नानादि से निवृत होकर अपने आप को आईना में देखते हैं आईना का क्या मायना है आईना अर्थात दर्पण होता उसमें अपना चेहरा देखते जब आप बाहर निकलते सारे लोग आपका चेहरा देखते। मैं अच्छा लगू फोटो निकालते फोटो में क्या आ रहा है आपका चेहरा शरीर वस्त्राभूषण आदि फोटो में आ रहा है किंतु जो परमात्म तत्व है जो आत्मतत्व है वह उसे कैमरे में नहीं आ सकता।क्योंकि वह अमूर्त आत्मतत्व है और अमूर्त आत्मतत्व को प्राप्त करने जो महान आत्माएं हुई हैं उन्होंने मोक्ष मार्ग पर आरुण होकर रत्नत्रय के माध्यम से शरीर से आत्मतत्व को पृथक कर लिया है।इसका अनंतसुख का अनुभव प्रतिपल प्रति समय करते रहते हैं।वापस इस धरती पर कभी आएंगे नहीं।निर्वाण का लाभ प्राप्त हो जाता है। लोक के अग्रभाग पर जाकर विराजमान होते हैं।साधना का फल है अंतरंग लक्ष्मी को प्राप्त करने का लक्ष्य प्रत्येक साधक का होता है। उस लक्ष्य को प्राप्त करने ही गुरुदेव ने हम लोगों को मार्ग प्रशस्त किया है उस मार्ग पर आरुण होकर अपनी साधना को उन्होंने पूर्ण कर लिया है। हम लोगों के लिए प्रतिफल यही संबोधन रहा है चतुर्विध संघ के लिए।मनुष्य पर्याय बहुत दुर्लभ मानी जाती है इस पर्याय को सार्थक करने जो सच्चे देव शास्त्र गुरु की साधना में लग जाता है निश्चित रूप से अल्प समय में वह घड़ी आएगी वह पूर्णत: मोक्ष मार्ग के योग्य सामग्री को प्राप्त करके साधना के माध्यम से आत्म निधि को प्राप्त करने का प्रयास कर सकता है। बिना पुरुषार्थ के कोई भी वस्तु उपलब्ध नहीं हो सकती। निरंतर निरपेक्ष भाव के साथ भगवान की गुरु की साधना करने के लिए क्षण मिले आज का जन्म कल्याणक और तप कल्याण का दिन है केवल ज्ञान प्राप्त करने का एकमात्र लक्ष्य होना चाहिए।

इस अवसर पर प्रथम अभिषेक, शांतिधारा, रिद्धिकलश करने का सौभाग्य अंशुल जैन न्यायाधीश अशोक जैन गुना जबलपुर, अनिल ज्ञानचंद फिरोजपुर, किरीट हर्ष कोमल मुंबई, विकास राखी दुर्गापुर, नेमीचंद संतोष भीलवाड़ा, हर्षित महेश बम्होरी राजकुमार नीरज तेंदूखेड़ा, वैभव नमन नवीन ध्रुव रेवाड़ी, डॉ मानकचंद्र शीलचंद जबलपुर, राकेश ईशान डिंडोरी, हर्ष शुभम टूंडला, तुषार अक्षय सर्वेश कन्नौज को प्राप्त हुआ। आचार्य संघ की आहार चर्या संपन्न हुई। दोपहर में विद्याभवन में मुनि श्री विनीतसागर जी महाराज के मंगल प्रवचन हुए।सायंकाल भक्तामर दीप अर्चना एवं पूज्य बड़े बाबा की संगीतमय महाआरती हुई। **-जय कुमार जैन**

## आदिनाथ जयंती पर श्री जी की शोभायात्रा निकली



**सागर ( विश्व परिवार )।** जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर 1008 श्री आदिनाथ भगवान की जयंती के अवसर पर रविवार को श्री जी की भव्य शोभायात्रा निर्यापक श्रमण 108 श्री योगसागर जी महाराज, ससंघ का सानिध्य में बाहुबली कालोनी से प्रारम्भ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से निकली। शोभायात्रा नाचनदास की अस्पताल से माता मड़िया, राधा तिराहा, वर्णी कॉलोनी, कीर्ति स्तम्भ, गौराबाई मंदिर, बड़कुल मंदिर, विजय टाकीज, लिंक रोड, आदिनाथ जिनालय होते हुए बाहुबली कालोनी धर्मशाला पहुंची।

आदिनाथ भगवान का अभिषेक, शांतिधारा हुई शांतिधारा करने का सौभाग्य अनिल लम्बरदार, अरविन्द पटना, जय कुमार फट्टा, राकेश बिलहरा, आदित्य जैन देवरी ने की। शास्त्र भेंट दीपक जैन बहेरिया, अभय जैन बेग, बसंत सीहोरा, संतोष जैन और महिला मंडल बाहुबली कालोनी ने भेंट किए। जुलूस में महेश बिलहरा मुकेश जैन ढाना देवेन्द्र जेना, ऋषभ बांदरी, जिनेन्द्र आकर्षण, मुकेश पारस, रेसू पटना, सुनील आयल, अरविन्द हिना,

**प्रवचन-** आज जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर श्री आदिनाथ भगवान का जन्म कल्याणक और तप कल्याणक भी है। उन्हीं के कारण ही कई आत्माएं इस संसार से तर गई हैं और तभी से हम जन्म कल्याणक मना रहे हैं धर्म का प्रभाव यहीं से शुरू हुआ है। जन्म शरीर का होता है आत्मा का नहीं यह बात श्री आदिनाथ जयंती पर निर्यापक मुनि श्री योग सागर महाराज ने बाहुबली कालोनी जैन धर्मशाला में अपने प्रवचन में कहीं। उन्होंने कहा कि प्रथम तीर्थंकर सिद्धसिला पर विराजमान हो गए हैं हम भी चाहते हैं जन्म जरा मृत्यु को नाश करके सिद्धसिला पर पहुंचे। नरों में सर्वश्रेष्ठ श्रेष्ठ चक्रवर्ती होता है। पर्वतों में सर्वश्रेष्ठ सुमेरु पर्वत होता है। 3 लोक में आदिनाथ भगवान है आचार्य श्री विद्यासागर महाराज कहते थे हमें अपना जन्मदिन नहीं मनाना चाहिए क्योंकि आत्मा का कोई जन्म दिन नहीं होता है। जन्मदिन जन्म कल्याण के रूप में भगवान का मनाना चाहिए। वैराग्य का कारण क्या होता है? इतनी छोटी उम्र में आचार्य श्री विद्यासागर महाराज ने घर छोड़ दिया था जब उनसे किसी ने पूछा कि आपको बैराग्य कैसे हुआ तो उन्होंने एक लाइन में जवाब दिया था। भगवान से राग हो गया और मुझे बैराग्य हो गया है। **-मुकेश जैन ढाना**

## बच्चों ने गर्मीभर पशु पक्षियों की देखभाल का लिया संकल्प

### श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर में बच्चों में धर्म के साथ सेवा, दया और करुणा का बीजारोपण



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** खरतरगच्छाधिपति आचार्य श्री जिनमणि प्रभ सूरीश्वर जी द्वारा प्रतिष्ठित श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी, भैरव सोसायटी में भगवान महावीर स्वामी 2624 वाँ जन्मकल्याणक महोत्सव के अंतर्गत भीषण गर्मी की संभावना देखते हुए मूक पक्षियों के दाना पानी के लिये दाना फीडर व सकोरा वितरण किया गया। प्रातः पूजन करने आए बच्चों को धर्म के साथ ही सेवा दया करुणा की शिक्षा दी गई सभी बच्चों ने दाना फीडर सकोरा घर ले जाकर गर्मी भर मूक पक्षियों की सेवा का संकल्प लिया। श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि मूक पक्षियों के लिए आधुनिक दाना पानी फ़ीडर व प्लास्टिक सकोरे का वितरण आरंभ किया गया। जिसे घर की छत पर या बाल्कनी में आसानी से रखा व टांगा जा सकता है और स्वच्छता के साथ पक्षियों के दाना पानी दिया जा सकता है। ट्रस्टी नीलेश गोलेछा व टीकम जैन ने बताया कि 25 मार्च से सार्वजनिक पशु आहार गौशाला में घुमन्तु पशुओं के लिए हरी सब्जियां व चारा वितरण पखवाड़े का आरम्भ किया जावेगा। यहाँ पर आसपास क्षेत्र के सैकड़ों घुमन्तु पशु प्रातः 6 बजे से 9 बजे तक स्वतः आते हैं व उनके लिए प्रतिदिन चारे की व्यवस्था रखी जाती है। अमर बरलोटा ने बताया कि महावीर जन्मकल्याणक के अवसर पर प्रथम चरण में 100 नग दाना फ़ीडर गुजरात से मँगाए गए हैं। ये आकर्षक व सुविधाजनक हैं, जिसका स्वच्छता के साथ उपयोग किया जा सकता है तथा इसमें रखे दाने खराब भी नही होंगे। इसके साथ में पानी रखने के लिए वॉटर फ़ीडर व प्लास्टिक के सकोरे वितरित किए जावेंगे। जिन्हें छत पर, बाल्कनी में या गार्डन में रखा जा सकता है। ट्रस्टी राजेश सिंघी व डॉ योगेश बंगानी ने बताया कि 5 अप्रेल को भैरव सोसायटी व आसपास की कॉलोनी में घरों के सामने रखने हेतु कोटना लगाने रहवासियों को प्रेरित किया जावेगा, जिससे घरों में बचने वाली खाद्य सामग्री का उपयोग हो सके व गर्मियों में गाय, सांड़, कुत्तों के लिए पीने का पानी सुलभ हो सके। श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट द्वारा श्री विनय मित्र मण्डल के सहयोग से पैर कटे दिव्यांगों को जयपुर पैर का वितरण 3 अप्रैल से किया जावेगा। मानव सेवा व मूक पशु पक्षियों के कार्यक्रम संबंधित जानकारी हेतु अमर बरलोटा 93001 46053 से सम्पर्क करें।

## 84 लाख मंत्रो का कोई महामंत्र है उसका नाम णमोकार महामंत्र : आचार्य श्री विशुद्धसागर जी महाराज

**जालना ( विश्व परिवार )।** आचार्य विशुद्धसागर जी महाराज अपने गुरुदेव गणाचार्य श्री विरागसागर जी की समाधी स्थली जालना में पहूँच ने पर हुए भावुक। आचार्य भगवन श्री विशुद्धसागर जी महाराज ने जालना पंचकल्याणक में अपने प्रवचन में कहा की, 9 अप्रेल 2025 को महामंत्र णमोकार मंत्र का पाठ पुरे विश्व में गुंजेगा।

जालना धर्मसभा में चर्या शिरोमणी आचार्य भगवन श्री विशुद्ध सागर जी महाराज जी ने कहा की-84 लाख मंत्रो का महामंत्र णमोकार महामंत्र है। णमोकार महामंत्र से 84 लाख मंत्रों की उत्पत्ति हुई है। देवों में महान देव अरहंत देव होते हैं। ज्ञान में महान केवलज्ञान है। गुरु में महान गुरु निर्ग्रन्थ गुरु हैं। शास्त्रों में महानशास्त्र सिद्धांत शास्त्र है। उसी प्रकार मंत्रों में महान मंत्र णमोकार मंत्र है। णमो अरिहंताणं, णमो सिद्धाणं, णमो आइरियाणं। णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्वसाहूणं।।

णमोकार मंत्र प्राकृत भाषा का मंत्र है। प्राकृत में इसे णमोकार मंत्र कहते हैं। संस्कृत में इसे नमस्कार मंत्र कहते हैं। हिन्दी में इसी का अपभ्रंश नाम नवकार मंत्र है। इस मंत्र के



अनेक नाम हैं। इनमें प्रमुख हैं-पंच नमस्कार मंत्र, महामंत्र, अपराजित मंत्र, मूलमंत्र, मंत्रराज, अनादिनिधन मंत्र, मंगल मंत्र आदि। इनका संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार है- पंच नमस्कार मंत्र- जो परम पद (मोक्ष) प्राप्त कर चुके हैं अथवा उस मार्ग पर अग्रसर हैं, ऐसे पांच परमेष्ठियों को इस मंत्र में नमस्कार किया गया है, अतः इसे पंच नमस्कार मंत्र कहते हैं।

महामंत्र-अपराजित मंत्र- तीनों लोकों में इस मंत्र के समान कोई मंत्र नहीं है। आचार्य उमास्वामी ने णमोकार मंत्र स्तोत्र में कहा है कि तराजू के एक पलड़े में णमोकार मंत्र और दूसरे में तीन लोक रख दें तो णमोकार मंत्र वाला पलड़ा ही भारी रहेगा। अतः इसे महामंत्र अथवा अपराजित मंत्र भी कहते हैं।

मूलमंत्र-मंत्रराज- यह मंत्र संसार के सभी मंत्रों का जनक (मूल) है। इससे 84 लाख मंत्रों की उत्पत्ति हुई है। अतः इसे मूल मंत्र अथवा मंत्रराज भी कहते हैं। अनादि निधन मंत्र- पांचों परमेष्ठी अनन्त काल से होते आ रहे हैं और भविष्य में भी अनन्त काल तक होते रहेंगे। इस प्रकार इनका आदि भी नहीं है और अन्त भी नहीं है। इस मंत्र को किसी ने बनाया नहीं है और न यह कभी नष्ट होगा। **-अभिषेक अशोक पाटील**

## मानव सभ्यता के विकास में भगवान ऋषभदेव का बहुत बड़ा योगदान है : मुनि श्री प्रमाणसागर जी महाराज



**विदिशा ( विश्व परिवार )।** सबसे पहले मनुष्य के सामने समस्या आती है अपने निर्वाह की जब तक रोजी रोटी की व्यवस्था न मिले तब तक उसके ऊपर उपदेश का कोई असर नहीं पड़ता। उपरोक्त उद्गार मुनि श्री प्रमाणसागर जी महाराज ने भगवान आदिनाथ जयंति के अवसर पर व्यक्त किये।

मुनि श्री ने कहा कि भोग युग की समाप्ति के पश्चात जब कर्म युग की शुरुआत हुई तो सबसे पहले जीवन के निर्वाह की बात सामने आई भगवान ऋषभ देव ने जीवन के निर्वाह, निर्माण, और निर्वाण के साथ षठकर्म का उपदेश दिया निर्वाह के लिये कृषि तथा अपनी रक्षा करने के लिये असि अर्थात शस्त्र का उपयोग मसिविद्या अर्थात पड़ो- लिखो, उन्होंने कहा कि अपने जीवन को आगे बड़ाने के लिये कृषि एक उत्तम कर्म है, कृषि तो करो लेकिन हिंसक कृषि मत करो जैन धर्म में हिंसक खेती का निषेध है, वहीं अहिंसक खेती में यदि थोड़ी बहुत हिंसा हो रही है तो उसे नजरअंदाज करने की बात कही गई है। मुनि श्री ने कहा कि भगवान आदिनाथ वाणिज्य विद्या और शिल्प के रुप में मानव सभ्यता के सूत्रधार बने मानव सभ्यता के विकास में भगवान ऋषभदेव का बहुत बड़ा योगदान है, मुनि श्री ने कहा कि जीवन का निर्वाह तो पशु पक्षी भी कर लेते है अपने लिये जिये तो क्या जिये जो अपने जीवन के साथ साथ औरों के जीवन का भी ख्याल रखता है वही जीवन के निर्वाह में आगे बढ़ पाता है, निर्वाह के पश्चात जीवन का निर्माण तभी होता है जब हम जीवन मूल्यों की प्रतिष्ठा करते है जीवन मूल्यों की प्रतिष्ठा का मूल आधार है प्रेम, परस्परता, संजीवन, वंधुत्व, और आत्मीयता जैसै उदात्त मूल्यों को अपनाना सेवा परोपकार का गुण अपने साथ जोड़कर चलना मुनि श्री ने कहा कि जब मनुष्य सिर्फ अपने हितों का ध्यान रखता है तो वह पशुता के समान है और जब वह अपने हितों के साथ साथ संपूर्ण जीवों के विषय में सोचता है तो वह मानवता का स्वरूप प्रकट होता है।यंही से जीवन का निर्वाण शुरु होता है मुनि श्री ने कहा कि मानव सभ्यता के विकास के साथ साथ परिवार या समूह की व्यवस्था की जिससे स्वचंछद प्रवत्ति पर रोक लगे।

उन्होंने विवाह पद्धति को अपनाया और उनके भरत बाहुबली जैसे 100 पुत्र हुये और ब्राह्मी सुंदरी जैसी पुत्रियाँ मुनि श्री ने कहा कि भगवान आदिनाथ ने परिवार कुटुम्ब की संरचना की जो जीवन के निर्माण का आधार बना मुनि श्री ने कहा कि जीवन का चरमसुख जीवन के निर्माण में नहीं वल्कि निर्वाण है, जो पुर्ण निराकुल अवस्था है और उस निराकुल अबस्था को प्राप्त करने के लिये निर्वाण जरुरी है, इसलिये उन्होंने राज पाट धन बैभव का परित्याग कर मोक्षमार्ग का अनुकरण कर आगे बड़े और आगे सभी को मार्ग प्रशस्त किया। मुनि श्री ने कहा कि भगवान ऋषभदेव का स्थान वैदिक ग्रंथों में भी उल्लेखनीय है।इस अवसर पर मुनि श्री निर्वेग सागर जी एवं मुनि श्री संधान सागर महाराज ने भी सम्वोधित किया। राष्ट्रीय प्रवक्ता अविनाश जैन विद्याबाणी एवं स्थानीय प्रचार प्रमुख सुनील जैनविन ने बताया प्रात:काल पांडाल में भगवान का अभिषेक एवं शांतिधारा तथा मुनि श्री के पाद प्रछालन के पश्चात शास्त्र भेंट कर आचार्य श्री के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन किया। इस अवसर पर जैन नगर लालघाटी के अलावा संपूर्ण भोपाल के जैन समाज के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।दौपहर में साड़े तीन बजे से समयसार का स्वाध्याय हुआ एवं सांयकाल 6:25 से शंका समाधान का कार्यक्रम संपन्न हुआ।मुनि श्री प्रमाण सागर महाराज को पड़गाहन कर आहार दान का सौभाग्य श्रीमती सुमित्रा जैन श्रीमती प्रीति-महावीर जैन धैर्य जैन, शौर्य जैन सुधाशीष परिवार, विदिशा-भोपाल को प्राप्त हुआ। **-अविनाश जैन**

## भक्तामर महामंडल विधान एवं अखंड पाठ के समापन पर निकली श्री जी की भव्य रथयात्रा

### भगवान आदिनाथ स्वामी का जन्म एवं तप कल्याणक महा महोत्सव मनाया





**पवा जी ( विश्व परिवार )।** राष्ट्र संत आचार्य प्रवर विद्यासागर महा मुनिराज का प्रथम स्मृति वर्ष के अवसर पर ग्राम पवा की पावन धरा पर जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर षट कर्म प्रणेता चैतन्य चमत्कारी मूलनायक भगवान आदिनाथ स्वामी का जन्म एवं तप कल्याणक महा महोत्सव मनाया। रविवार को पं. विनोद कुमार शास्त्री बबीना के निर्देशन में प्रातः भक्तामर पाठ का समापन, नित्यमय अभिषेक शांतिधारा पूजन के बाद विश्व शांति महायज्ञ, हवन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुभारम्भ में ध्वजारोहण राजेश जैन चंद्रा वस्त्रालय ने किया। श्रीमती प्रभा सरोज जैन, कैलाश चंद्र लालित रेडियो एवं श्री मती साक्षी दीपक जैन ने ज्ञानदीप प्रज्वलित किया एवं पालना झुलाने का सौभाग्य प्राप्त किया। अनीता विजय वर्धन जैन ने मंगल आरती उतारी। श्री मती दीपा, दीप्ति, राजुल, प्रतीक्षा, सोनिया शुलभा, श्रद्धा एवं सुरेन्द्र कुमार रविंद्र जैन ने श्री जी को सिंहासन पर विराजमान करने एवं सुभाषचंद्र विदिशा और जितेंद्र सिंघई ने वंदनवार बाँधने का सौभाग्य प्राप्त किया। दोपहर की बेला में श्री जी की भव्य रथ यात्रा निकाली जिसमें सौधर्म इंद्र श्रीमती चंदा आनंद कुमार जैन, ईशान इंद्र श्रीमती अरुणा राजकुमार जैन, सनतकुमार इंद्र श्रीमती दीप्ति राहुल जैन टूंका, माहेंद्र इंद्र श्रीमती अंजना सुशील मोदी ने कलशाभिषेक किया एवं रथ पर भगवान आदिनाथ स्वामी को लेकर बैठे, श्रीमती पुष्पा मिठ्ठूलाल जैन, मोदी विजय कुमार विनय जैन, श्रीमती राजुल प्रदीप कुमार जैन, श्रीमती लीला श्रेयांश कुमार जैन ने शांतिधारा की क्रियाएँ संपन्न की एवं धर्मध्वजा लेकर बग्गी में सवार हुए। डीजे बैंड की धार्मिक धुनों पर नृत्य करते हुए बहु मण्डल वासुपूज्य जिनालय एवं वामा देवी महिला मण्डल, सत्य-अहिंसा के नारे लगाते हुए एवं युवा एवं महिला-पुरुष चल रहे थे। मोदी उत्तमचंद्र जैन ने सारथी की भूमिका निभायी। नीतू विकास जैन ने छत्र चढ़ाया एवं धर्मध्वजा लेकर रथ पर सवार रहे, उषा राजेंद्र जैन टूंका एवं अर्चना अजय जैन ने चमर ढोरे। श्रद्धालुओं ने अपने द्वार को रंगोली से सजाकर श्री जी की मंगल आरती उतारी। शोभा यात्रा प्रमुख मार्गो से होती हुई वापस मंदिर जी आयी। जहाँ कलशाभिषेक फूलमाल एवं महाआरती का आयोजन किया। रात्रि में 48 दीपक प्रज्वलित कर भगवान आदिनाथ स्वामी की मंगल आरती में श्रद्धालु खूब झूमे। जिसमें जिनेन्द्र कुमार सुरेन्द्र कुमार रविंद्र जैन विदिशा ने प्रमुख भूमिका निभायी। कार्यक्रम में पावागिरि क्षेत्र प्रबंध समिति के अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन, महामंत्री जयकुमार जैन, अभय कुमार, सुरेंद्र पवैया, राकेश मोदी, अरुण मोदी बसार, प्रवीन कुमार, पंकज भंडारी, महेंद्र जैन रायपुर, अमितेश जैन जखौरा, अरविन्द कुमार, विकास भंडारी, अजय जैन अज्जू, संतोष जैन, रमेशचंद्र संदीप जैन, अमित कुमार बुढ़पुरा, सुनील जैन नोहरकलां, राजेश कुमार मनीष जैन ललितपुर, सुमत कुमार, सुरेंद्र जैन, नरेंद्र सिंघई, आदेश मोदी, राहुल जैन, आलोक कुमार, सौरभ जैन, अचिन जैन विरधा, संदीप कुमार, पं. सौरभ जैन, विनम्र, अक्षत, प्रांजुल, शुभम, अतिशय सहित सकल दिगम्बर जैन समाज का सक्रिय सहयोग रहा। संचालन एवं अंत में सभी का आभार व्यक्त सिद्धक्षेत्र पावागिरि क्षेत्र प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष विशाल जैन पवा ने किया। **-विशाल जैन**

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354

www.dainikvishwaparivar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
# विश्व परिवार

बस्तर संभाग

रायपुर सोमवार 24 मार्च 2025



## संक्षिप्त समाचार

### सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए किया गया बाईक पेट्रोलिंग

**धमतरी(विश्व परिवार)।** संवेदनशील क्षेत्रों के गलियों में भ्रमण अनावश्यक घुमने वाले घुमंतु एवं देर रात बैठ कर अड्डे बाजी करने वालों कि खैर नहीं। बाइक पेट्रोलिंग शहर का भ्रमण कर सदर बाजार होते हुए विंध्यवासिनी मंदिर के पास हुआ समाप्त। पुलिस कप्तान के निर्देश पर धमतरी पुलिस हुई अलर्ट, विजिबल पुलिसिंग के तहत दिख रही धमयरी पुलिस टीम सड़कों पर पुलिस अधीक्षक महोदय श्री आंजनेय वार्ष्णेय ने अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं शांति व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने,विजिबल पुलिसिंग करने सभी थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मणिशंकर चन्द्रा के नेतृत्व में डीएसपी. ट्रैफिक एवं थाना प्रभारी कोतवाली एवं चीता स्क्वॉड एवं क्यूआरटी. टीम द्वारा शहर में शांति व सुरक्षा बनाए रखने तथा अपराधिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने समस्त संवेदनशील क्षेत्रों सहित सदर बाजार से मकई चौक होते हुए शहर के अलग अलग टीम द्वारा गली मोहल्ले एवं सूनसान इलाके में बाईक पेट्रोलिंग किया गया। धमतरी जिले में एवं शहर में सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले के पुलिस बल द्वारा बाईक पेट्रोलिंग किया जा रहा है। अलग-अलग 06 टीम बनाकर चीता स्क्वॉड एवं क्यूआरटी टीम सहित सभी पुलिस अधिकारी- कर्मचारियों द्वारा मकई चौक,गोलबाजार , कचहरीचौक, सदर बाजार,होते हुए विन्ध्यवासिनी मंदिर सहित सूनसान एवं भीड़ भाड़ जगहों पर बाईक पेट्रोलिंग किया गया। अनावश्यक घुमने वाले असामाजिक तत्वों को धमतरी पुलिस द्वारा पूछताछ करेगी एवं भीड़-भाड़ वाले स्थान, सार्वजनिक स्थान,आम स्थान, सूनसान स्थान में जमावड़ा लगाकर नशा करने वालों, गुटबाजी करने वालों, संदिग्ध व्यक्तियों,असमाजिक तत्वों, संदिग्ध व्यक्तियों के वाहनों एवं वाहनों की डिक्की सहित धारदार हथियार रखकर घुमने वालों की चेकिंग कर सख्त कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गए। बाईक पेट्रोलिंग के दौरान अनावश्यक घुमते पाये लोगों को बुलाकर दी गई चेतावनी,दोबारा अनावश्यक घुमते पाये जाने पर कार्यवाही की जायेगी।

### नक्सलियों के छुपाये 8 लाख रूपये पुलिस ने किया जब्त

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** गरियाबंद जिले में पुलिस और सुरक्षा बलों की संयुक्त कार्रवाई में मैनपुर थाना क्षेत्र के पंडरीपानी इलाके से 8 लाख रुपये नगद और विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है। छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद मुक्त बनाने की राह में पुलिस को आज एक और बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने नक्सलियों का छुपाया हुआ धन और विस्फोटकों का जखीरा बरामद किया है। पुलिस ने आज मैनपुर थाना क्षेत्र से लगे पंडरी पानी से नक्सलियों का जमीन में छुपाया गया 8 लाख कैश और अन्य सामान बरामद किया है। अब पुलिस नक्सलियों को कैश देने वाले सोर्स का भी पता लगाने में जुट गई है। उक्त कार्यवाही डीएसपी गरिमा दादर के नेतृत्व में एसटीएफ, कोबरा कमांडो, सीआरपीएफऔर ई-30 ऑप्स टीम के साथ महिला पुलिस कर्मियों ने की है। गरियाबंद एसपी निखिल राखेचा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि मैनपुर थाना क्षेत्र से लगे पंडरीपानी के पहाड़ी इलाकों में नक्सलियों ने भारी मात्रा में नगदी और विस्फोटक छिपा रखा है। इसके बाद सुरक्षा बल की टीमों ने इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया और करीब 11 बजे जंगल में संदिग्ध जगह की खुदाई करने पर एक स्टील डिब्बे में 8 लाख रुपये, 13 जिलेटिन स्टिक और नक्सली बैनर, डायरी व अन्य दस्तावेज बरामद किए।

## नीति आयोग की महानिदेशक ने आकांक्षी जिलों के प्रगति सूचकांकों की समीक्षा

### सूचकांकों की सतत समीक्षा होती रहे - निधि छिब्बर




**महासमुन्द(विश्व परिवार)।** नीति आयोग की महानिदेशक व राज्य नोडल अधिकारी आकांक्षी विकास कार्यक्रम श्रीमती निधि छिब्बर ने आज शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला अधिकारियों की बैठक लेकर आकांक्षी सूचकांकों की प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों जैसे स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि, कौशल, वित्तीय समावेश, और बुनियादी ढांचे में हुए कार्यों की समीक्षा की और रैंकिंग सुधारने के लिए अधिकारियों को बेहतर प्रदर्शन की दिशा में काम करने के निर्देश दिए। श्रीमती छिब्बर ने कहा कि सम्पूर्णता अभियान का उद्देश्य सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है और इसके लिए अधिकारियों को सक्रिय रूप से कार्य करना होगा। साथ ही, कार्यों की प्रगति सूचकांकों के अनुरूप तीव्र गति से होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आंकड़े लक्ष्य पूर्ति के पश्चात ही सतत समीक्षा करते रहे ताकि विकास की प्रक्रिया न रूके। उन्होंने कहा कि मैदानी अमलों को जो आंकड़े भरते हैं उनका प्रशिक्षण किया जाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि जिले में पिथौरा विकासखंड को नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जिला के रूप में चयन किया गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस.आलोक ने विभागीय गतिविधियों से संबंधित प्रगति एवं लक्ष्य के संबंध में पावर पाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुति दी।

समीक्षा में स्वास्थ्य एवं पोषण क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाने, बीमारियों की पहचान के लिए अभियान चलाने और कुपोषित बच्चों के लिए सघन मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा, शिक्षा क्षेत्र में सुधार के लिए विभिन्न सर्वे रिपोर्ट के आधार पर सुधार करने की बात की गई और पारम्परिक व्यवसायों को कौशल विकास प्रशिक्षण के साथ जोड़ा जाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। श्रीमती छिब्बर ने डाटा एंट्री के लिए विशेष प्रशिक्षण की भी आवश्यकता बताई और बच्चों के कम वजन की समस्या पर ध्यान देते हुए एनआरसी में भर्ती कराने और पोषण ट्रेकर के माध्यम से लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विकासखण्डों में एनआरसी खोले जाएं। वहीं किसानों को सशक्त बनाने के लिए किसान उत्पादक संघ का निर्माण भी किया जाए। महिलाओं को उनके रिवॉल्विंग फंड समय पर उपलब्ध कराएं ताकि फंड से अपने व्यवसायों को गति दे सकें। श्रीमती छिब्बर ने सूचकांकों के सुधार के लिए जन्म के समय बच्चों के कम वजन को ध्यान में रखते हुए एनआरसी में भर्ती कराने और पोषण ट्रेकर के माध्यम से लगातार मॉनिटरिंग करने कहा है। साथ ही महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य और मितानिनों को आपस में समन्वय कर डाटा एकत्र करने के निर्देश दिए हैं। शिक्षा विभाग को शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए नियमित वार्षिक कैलेण्डर का प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए हैं।

## बीजापुर पुलिस और केरिपु 168 वाहिनी ने गोटपल्ली में स्थापित किया नवीन सुरक्षा एवं जन सुविधा कैम्प

**बीजापुर(विश्व परिवार)।** जिला बीजापुर के अंदरूनी क्षेत्रों में नक्सल उन्मूलन एवं विकास कार्यो को गति प्रदान करने के उद्देश्य से श्री सुन्दरराज पी. पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज, जगदलपुर (छ0ग0), श्री राकेश अग्रवाल पुलिस महानिरीक्षक केरिपु छत्तीसगढ़ सेक्टर रायपुर, श्री कमलोचन कश्यप पुलिस उप महानिरीक्षक, रेंज दंतेवाड़ा, श्री देवेन्द्र सिंह नेगी पुलिस उप महानिरीक्षक (परि.) सीआरपीएफ रेंज बीजापुर के मार्ग-दर्शन एवं डॉ0 जितेन्द्र कुमार यादव पुलिस अधीक्षक बीजापुर, श्री विक्रम सिंह, कमांडेंट 168 वी बटालियन केरिपु, श्री अमित कुमार कमांडेंट 153वी बटालियन, श्री सरकार राजा रमन कमांडेंट 170वी बटालियन, श्री अमित कुमार कमांडेंट कोबरा 201, श्री अमित कुमार कमांडेंट कोबरा 202, श्री नरेश पवार, कमांडेंट कोबरा 205, श्री पुष्पेन्द्र सिंह कमांडेंट कोबरा 206 के निर्देशन में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित "नियद नेल्ला नार योजना के तहत थाना तर्रेम क्षेत्रान्तर्गत ग्राम गोटपल्ली में दिनांक 20/03/2025 को नवीन सुरक्षा एवं जनसुविधा कैम्प स्थापित किया गया। नवीन सुरक्षा एवं जनसुविधा कैम्प स्थापित करने का उद्देश्य क्षेत्र में माओवादियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करना और आम जनों तक विकासात्मक कार्यों और मूलभूत सुविधाओं का लाभ पहुंचाना है। नक्सली गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए नवीन सुरक्षा कैम्पों की स्थापना की जा रही है। क्षेत्र में नक्सल गतिविधियो व चुनौती से निपटने के लिए शासन के मंशानुसार क्षेत्र में लगातार सघन नक्सल विरोधी अभियान संचालित किया जा रहा है, साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने लिए नये सुरक्षा कैम्पों की स्थापना, सुरक्षा बलो की तैनाती और स्थानीय आबादी के साथ संवाद में सुधार शामिल किया गया है। इन प्रयासो का उद्देश्य प्रतिबंधित संगठन की गतिविधियों को रोकना और स्थानीय आबादी की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इस नवीन सुरक्षा कैम्प की स्थापना के साथ सुरक्षा बलों को नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में अपनी पहुंच और निगरानी, स्थानीय लोगों को नक्सल हिंसा से निजात दिलाने में मदद मिलेगी। यह कदम नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई को मजबूत करने के लिए कारगर रहेगा। नवीन कैम्प स्थापित होने से क्षेत्र के ग्रामीणों में काफी उत्साह एवं सुरक्षा का माहौल बना हुआ है। गोटपल्ली में नवीन सुरक्षा कैम्प स्थापित होने से आसपास क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं के तहत् सड़क, पुल-पुलिया, शिक्षा, चिकित्सा, मोबाईल नेटवर्क कनेक्टिविटी एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का तेजी से विस्तार होगा एवं शासन के मंशानुरूप नक्सल उन्मूलन अभियान के साथ-साथ विकास कार्यो में तेजी आयेगी।

## प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण: गरीबों के पक्के आशियाना का सपना हो रहा पूरा

**धमतरी(विश्व परिवार)।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के व्यक्तियों के लिए आवास निर्माण में बेहद सहायता प्रदान करने वाली योजना है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) ऐसे गरीब परिवार जो अपना खुद का पक्का मकान नहीं बना पा रहे थे उनके लिए यह बहुत सहायक हुई है। इस योजना का लाभ उठाकर आज हितग्राही अपना स्वयं का पक्का मकान आसानी से बना पा रहा है। इस योजना के तहत सभी गरीब परिवार जो इस योजना का लाभ लेने हेतु पात्रता रखते है. उनके सपनों का आशियाना तैयार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत जनपद पंचायत कुरूद से वर्ष 2024-25 में लाभान्वित ग्राम पंचायत अंवरी की हितग्राही श्री दौलत राम की यह कहानी है। श्री दौलत राम स्वयं व अपने 4 पुत्री और 1 पुत्र के साथ निवासरत है। उनकी पत्नी नहीं होने के कारण अपने परिवार का बड़ी मुश्किल से भरण-पोषण कर पाता था। ग्राम पंचायत अंवरी में हितग्राही कबाड़ी का कार्य कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। श्री दौलत राम कबाड़ी का कार्य करके इतने पैसे नहीं बचा पाते थे. जिससे वह अपने लिए एक पक्का मकान बना सके। हितग्राही श्री दौलत राम अपने पुश्तैनी कच्ची मकान में रहते थे। बरसात के दिनों में इस मकान में इनका गुजर-बसर बढ़ा ही कष्ट दायी हो जाता था। मकान के दीवार में सीलन आ जाती थी, ऊपर मकान में कच्ची छत होने के कारण पानी टिपकता था और मिट्टी का दिवाल होने के कारण चूहों ने भी जगह-जगह बिल बना लिए थे। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लिए पात्रता रखने के कारण श्री दौलत राम का नाम आवास निर्माण हेतु ग्राम पंचायत द्वारा चयन किया गया जिसके फलस्वरुप उसके आवास निर्माण का कार्य प्रारंभहुआ।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में परामर्शदात्री समिति की बैठक सम्पन्न, अधिकारी-कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण के निर्देश



**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** जिला कलेक्टर दीपक अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिले के विभिन्न अधिकारी-कर्मचारियों एवं शिक्षकों के संघों के पदाधिकारियों ने भाग लिया और अपनी समस्याओं को कलेक्टर के समक्ष रखा।

बैठक में अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन के महासचिव बसंत त्रिवेदी एवं लिपिक संघ के जिला अध्यक्ष बसंत मिश्रा ने बताया कि जिले में वर्ष 2017 से कर्मचारियों को समयमान वेतनमान, पदोन्नति एवं नियमितीकरण का लाभ नहीं मिल रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि इन प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जाए ताकि कर्मचारियों को उनका वाजिब हक मिल सके।

**समस्याओं के समाधान के लिए दिए गए निर्देश**- कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने सभी मांगों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को नियमानुसार त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग में परामर्शदात्री बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाएं ताकि समस्याओं का प्राथमिक स्तर पर ही समाधान हो सके।

### प्रमुख मुद्दे और समाधान

बैठक में कर्मचारियों ने कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की और समाधान की मांग की, जिनमें प्रमुख रूप से शामिल हैं:

शासकीय आवासों की मरम्मत एवं रंग-रोगन कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए।

पेंशन प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

अवकाश एवं अनुकंपा नियुक्ति प्रकरणों का शीघ्र समाधान किया जाए।

कर्मचारियों के लिए आवश्यकतानुसार विभागीय परीक्षाएं आयोजित की जाएं।

सफाई कर्मचारियों की शीघ्र नियुक्ति की जाए।

समयमान वेतनमान एवं नियमितीकरण की प्रक्रिया को तेज किया जाए।

परीक्षा अवधि पूर्ण कर चुके कर्मचारियों को क्रमोन्नति का लाभ दिया जाए।

एरियर्स राशि एवं अन्य वित्तीय देयों का शीघ्र भुगतान हो।

लिपिक सदन में डीएमएफ फंड से बाउंड्रीवाल एवं बोर खनन करवाने की व्यवस्था की जाए।

दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को समय पर वेतन भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

कार्यालय में कार्य विभाजन में समय-समय पर रोटेशन नीति लागू की जाए ताकि सभी कर्मचारी कार्यकुशल बन सकें।

### कलेक्टर की अपील

बैठक के अंत में कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने सभी संघों के प्रतिनिधियों से अपने संघों के माध्यम से अधिकारी-कर्मचारियों को शासकीय सेवा के दौरान कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने के लिए प्रेरित करने की अपील की।

इस बैठक में अपर कलेक्टर अरविंद पाण्डेय, प्रकाश राजपूत, नवीन भगत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी संघों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## राजस्व प्रकरणों के निराकरण में जिले में प्रगति बेहतर-संभागायुक्त महादेव कावरे

### आगामी तीन माह में राजस्व प्रकरणों का तीव्रता से करें निराकरण-कलेक्टर



**रायगढ़(विश्व परिवार)।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिसमें बिलासपुर संभागायुक्त श्री महादेव कावरे एवं कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री गोयल ने संभागायुक्त श्री कावरे को विभिन्न राजस्व प्रकरणों के निराकरण के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण हेतु पटवारियों के हल्कावार समीक्षा की जा रही है, ताकि निराकरण में बेहतर प्रगति आ सके। इसके साथ फॉर्मर रजिस्ट्री पोर्टल में जिले के सभी अधिकारियों ने बेहतर कार्य किए है, जिसके फलस्वरूप रायगढ़ जिला राज्य में प्रथम पायदान पर है। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, अपर कलेक्टर श्री रवि राही, संयुक्त कलेक्टर श्री राकेश गोलछा उपस्थित रहे। संभागायुक्त श्री कावरे ने नक्शा बटांकन की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में राजस्व प्रकरणों के निराकरण की प्रगति बेहतर है। उन्होंने अधिकारियों को राजस्व प्रकरणों के निराकरण के संबंध में विशेष दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी अपने कोर्ट के प्रकरण में संबंधितों का मोबाइल नंबर लिखवाना सुनिश्चित करें ताकि तामिली के संबंध में जानकारी दी सके। इससे प्रकरणों के निराकरण में तेजी आने के साथ ही संबंधित व्यक्ति के लिए सुविधाजनक हो जाएगी। इस दौरान उन्होंने राजस्व अधिकारियों को प्रकरणों के निराकरण के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी भी दी। कलेक्टर श्री गोयल ने राजस्व प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा करते हुए कहा कि आगामी तीन माह का समय है सभी राजस्व अधिकारी अपनी पूरी टीम के साथ अविवादित, विवादित नामांतरण, बटवारा, सीमांकन, भू-अर्जन जैसे विभिन्न राजस्व प्रकरणों का तीव्र गति से निराकरण करें। इस दौरान उन्होंने समय सीमा से बाहर एवं लंबित राजस्व प्रकरणों में समय-सीमा का विशेष ध्यान रखते हुए निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने तहसीलवार पटवारियों के कार्यों की समीक्षा करते हुए पटवारियों का लक्ष्य निर्धारित कर नक्शा बटांकन के कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने भू-अर्जन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि अवार्ड पारित होने के पश्चात रिकॉर्ड दुरुस्ती के कार्य को प्राथमिकता करें। इस दौरान उन्होंने नजूल पट्टों के नवीनीकरण की भी जानकारी ली। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि सभी अनुविभाग में निर्माण कार्य होना है। जिसका सभी एसडीएम नियमित मॉनिटरिंग करते हुए निर्माण कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने सभी एसडीएम को अनुविभाग स्तर पर सभी अधिकारियों को बैठक लेने के निर्देश दिए ताकि कर्मचारियों के कार्यशैली एवं कार्यों की प्रगति बेहतर हो सके। इस दौरान उन्होंने वसूली पत्रक अंतर्गत भू-राजस्व कर, पंचायत उपकर, शाला भवन उपकर, नजूल भूमि से प्राप्त भू-भाटक तथा आरआरसी की समीक्षा की। उन्होंने वसूली के संबंध में विशेष निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने आरबीसी 6-4 के लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए सभी प्रकरणों में विधिवत प्रक्रिया का पालन करते हुए त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने पीडीएस दुकानों के वेरिफिकेशन के संबंध जानकारी लेते हुए आगामी होने वाले ट्रेनिंग में सभी राजस्व अधिकारियों को जुडने् एवं कार्य को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य एवं न्यूट्रीशन महत्वपूर्ण है। सभी एसडीएम अनिवार्य रूप से स्कूलों एवं अस्पतालों का निरीक्षण करें। स्कूलों के निरीक्षण के दौरान मध्याह्न भोजन का अवलोकन करते हुए विजिटर रजिस्टर में निरीक्षण का उल्लेख करना सुनिश्चित करें।

## व्यापार समाचार

## आईटी सेक्टर को 450 बिलियन डॉलर सेवा निर्यात के लक्ष्य तक पहुंचाएंगे हमारे एमएसएमई : केंद्रीय मंत्री

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि एमएसएमई के नेतृत्व में आईटी सेक्टर अगले वित्त वर्ष में 450 बिलियन डॉलर के सेवा निर्यात लक्ष्य तक पहुंच सकता है। केंद्रीय मंत्री गोयल ने भारत की आर्थिक वृद्धि में आईटी और आईटी-इनेबल्ड सर्विसेज (आईटीईएस) सेक्टर की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पिछले साल सर्विस सेक्टर का निर्यात लगभग 340 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया, जिसमें आईटी और आईटीईएस का योगदान लगभग 200 बिलियन डॉलर रहा। इस साल, सेवा निर्यात (सर्विस एक्सपोर्ट) 380 बिलियन डॉलर से 385 बिलियन डॉलर के बीच पहुंचने की उम्मीद है, जिससे भारत की वैश्विक उपस्थिति और मजबूत होगी। नैसकॉम द्वारा आयोजित 'ग्लोबल कॉन्फ्लुएंस 2025' में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत की प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता को बढ़ाने में इनोवेशन और अनुकूलनशीलता की अहम भूमिका है। केंद्रीय मंत्री ने अमृत काल में देश के आर्थिक परिवर्तन के प्रमुख कारकों के रूप में भारत के आईटी सेक्टर और एमएसएमई में विश्वास की पुष्टि की, जो एक विकसित और समृद्ध भारत की दिशा में सामूहिक रूप से काम कर रहे हैं। उन्होंने निरंतर सीखने की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए नैसकॉम की प्रशंसा की, जिसमें कहा गया कि आईटी सेक्टर क्वांटम कंप्यूटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग जैसी नई तकनीकों को अपनाकर लगातार आगे बना हुआ है। केंद्रीय मंत्री ने देश के एक विशाल टैलेंट पूल का लाभ उठाते हुए भारत में वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) को आकर्षित करने की जरूरत पर भी जोर दिया। टैलेंट को विदेश में रिलोकेट करने के बजाय भारत से संचालन करने के लिए व्यवसायों को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा कि इससे विदेशी मुद्रा आय बढ़ेगी और घरेलू आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। भारत के बढ़ते मध्यम वर्ग और बढ़ते उपभोग स्तरों पर चर्चा करते हुए, केंद्रीय मंत्री गोयल ने आईटी-आधारित विकास के लाभों को रेखांकित किया, जिसमें कमर्शियल रियल एस्टेट, हाउसिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर की बढ़ती मांग शामिल है।

## नॉन-स्टाप क्रिकेट का लुत्फ़ उठाएं, रु 101 से शुरू होने वाले पैक्स के साथ

**मुंबई।** बिना रूकावट मैच की स्ट्रीमिंग का लुत्फ़ उठाने के लिए पर्याप्त मात्रा में फास्ट डेटा की ज़रूरत होती है, दर्शक टी20 लीग में रोमांचक मैचों का लुत्फ़ उठाने के लिए तैयार हैं। वी के प्रीपेड उपभोक्ता डेटा के बेजोड़ अनुभव तथा जियो हॉटस्टार के बंडल्ड फ्री सब्सक्रिप्शन के साथ इन मैचों के हर पल का लुत्फ़ उठा सकते हैं। बिना रूकावट के क्रिकेट का लुत्फ़ उठाने के लिए वी के उपभोक्ता कई पैक्स में से चुनाव कर सकते हैं। खासतौर पर इस सीज़न के लिए वी ने 3 नए रीचार्ज लॉन्च किए हैं, जो उपभोक्ताओं को बेहतरीन मूल्य एवं फायदे देंगे:

1. रु 101 का रीचार्ज, 3 माह का जियो हॉटस्टार (मोबाइल) सब्सक्रिप्शन और 5 जीबी डेटा देता है।
2. रु 399 रीचार्ज, अनलिमिटेड कॉल्स, दोपहर 12 बजे से रात 12 बजे तक अनलिमिटेड डेटा, अतिरिक्त 2 जीबी डेली डेटा और जियो स्टार मोबाइल सब्सक्रिप्शन के फायदे देता है, यह 28 दिन के लिए वैलिड है।
3. रु 239 का रीचार्ज, अनलिमिटेड कॉल्स, 2 जीबी डेटा और जियो हॉटस्टार मोबाइल सब्सक्रिप्शन के फायदे देता है, यह 28 दिनों के लिए वैलिड है।

यहां वी के पैक्स की सूची दी गई है, जो जियो हॉटस्टार सब्सक्रिप्शन और डेटा के फायदे देते हैं: सभी रीचार्ज पैक जियो हॉटस्टार का मोबाइल-ओनली सब्सक्रिप्शन देते हैं।

## सेबी ने भ्रामक सोशल मीडिया कंटेंट पर कसी नकेल, हटाई 70,000 पोस्ट

**मुंबई( एजेंसी )।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने जानकारी दी कि सोशल मीडिया पर मिसलीडिंग कंटेंट (भ्रामक सामग्री) के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है, सेबी की ओर से अक्टूबर 2024 से 70,000 से अधिक पोस्ट और अकाउंट को हटाया गया है। सेबी द्वारा यह कदम गलत सूचनाओं से निपटने और ऑनलाइन फाइनेंशियल इंफ्लूएंसर को रेगुलेट करने की कड़ी में उठाया गया है। बाजार नियामक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के साथ मिलकर काम कर रहा है ताकि वह यह सुनिश्चित कर सके कि इस तरह का कोई भी कंटेंट किसी भी निवेशक को भ्रमित न करे। सेबी के पूर्णकालिक सदस्य अनंत नारायण ने एसोसिएशन ऑफ रजिस्टर्ड इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स (एआरआईए) शिखर सम्मेलन में सेबी के इन प्रयासों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा, हम सभी के लिए एक आम चिंता अनरजिस्टर्ड निवेश सलाहकारों/शोध विश्लेषकों से जुड़ी है, जो निवेश में बढ़ती रुचि का गलत फायदा उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सेबी के प्रपोजल के तहत यूपीआई 'पेराइट' हैंडल का इस्तेमाल निवेशकों को रजिस्टर्ड संस्थाओं की आसानी से पहचान करने में मदद करेगा, ताकि वे खुद को धोखेबाजों से बचा सकें। नारायण ने कहा, निवेश में बढ़ती रुचि के साथ ही अनरजिस्टर्ड निवेश सलाहकारों और शोध विश्लेषकों की संख्या में भी तेजी से वृद्धि हुई है।

## दुनिया में पहली बार पूरा अखबार ही एआई से लिखा और छापा जा रहों

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** तेजी से बढ़ती टेक्नोलाजी ने आज के समय में हर काम को आसान कर दिया है। अब एआई से अखबारों में खबरे लिखी जा रही है। दुनिया में ऐसा पहली बार हुआ है जब एक न्यूज पब्लिकेशन ने पूरा का पूरा अखबार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लिखवा दिया और बंटवा भी दिया। यह अखबार इटली का दैनिक अखबार है, जिसका नाम ढ्ढद्य स्नश्रद्दद्दद्बश है। हर दिन इसकी लगभग 29000 कॉपी बिकती है। यह रिपोर्ट एएफपी ने प्रकाशित की है। ऐसा भी नहीं कि यह एक दिन करने की तैयारी है। अगले एक महीने तक पब्लिकेशन ऐसा करने जा रहा है। ढ्ढद्य स्नश्रद्दद्दद्बश का कहना है कि यह दुनिया का पहला अखबार है जो पूरी तरह से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से बनाए गए अखबार को छापता है। इसने मंगलवार, 18 मार्च को अपने नॉर्मल एडिशन के साथ-साथ प्रिंट और ऑनलाइन में चार पेज का दैनिक ढ्ढ संस्करण तैयार करना शुरू किया।



## आईपीएल 2025 : खिलाड़ियों की बदमिजाजी नहीं होगी बर्दाश्त, आईपीएल में 5 मैचों के लिए लग सकता है बैन

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सीजन से पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने खिलाड़ियों और टीमों के लिए नियमों में कुछ महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। इन बदलावों में सबसे प्रमुख है स्लो ओवर रेट के लिए कप्तानों पर लगने वाले बैन को हटाना। बीसीसीआई ने इसकी जगह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की तरह डिमेरिट पॉइंट सिस्टम लागू करने का निर्णय लिया है। हालांकि, यह डिमेरिट पॉइंट सिस्टम केवल स्लो ओवर रेट तक ही सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसे पूरे कोड ऑफ कंडक्ट में शामिल किया गया है। इसके तहत खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ को भी नियमों का उल्लंघन करने पर डिमेरिट पॉइंट मिलेंगे, जिसके आधार पर उन पर 5 मैचों तक का प्रतिबंध लगाया जा सकता है। 22 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल 2025 सीजन से पहले मुंबई में बीसीसीआई अधिकारियों ने सभी 10 फ्रेंचाइजी के कप्तानों के साथ एक बैठक की। इस बैठक में कप्तानों को कोड ऑफ कंडक्ट में किए गए इन महत्वपूर्ण बदलावों की जानकारी दी गई। यह नए नियम इस सीजन से ही लागू होंगे और प्लेइंग कंडिशंस का हिस्सा होंगे। अभी तक आईपीएल में खिलाड़ियों द्वारा किसी भी तरह की बदसलूकी या गलत व्यवहार करने पर मैच रेफरी द्वारा जुर्माना लगाया जाता था। लेकिन अब खिलाड़ियों को जुर्माने के साथ-साथ डिमेरिट पॉइंट भी मिलेंगे, जो उनके लिए प्रतिबंध का कारण बन सकते हैं। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, अब किसी भी खिलाड़ी या टीम द्वारा कोड ऑफ कंडक्ट का उल्लंघन करने पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की तरह डिमेरिट पॉइंट दिए जाएंगे। यह डिमेरिट पॉइंट खिलाड़ी या टीम के खाते में पूरे 36 महीने यानी 3 साल तक बने रहेंगे और इसी के आधार पर सजा निर्धारित की जाएगी। नए नियमों के अनुसार, यदि कोई खिलाड़ी लेवल-1 के उल्लंघन का दोषी पाया जाता है, तो उस पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना और 1 डिमेरिट पॉइंट लगाया जा सकता है। लेवल-2 के उल्लंघन पर 3 से 4 डिमेरिट पॉइंट जुड़ेंगे। वहीं, लेवल-3 के उल्लंघन के लिए 5 से 6 डिमेरिट पॉइंट और लेवल-4 के उल्लंघन के लिए 7 से 8 डिमेरिट पॉइंट दिए जाएंगे। अब बात करते हैं कि कितने डिमेरिट पॉइंट पर खिलाड़ी को कितनी सजा मिलेगी। कोड ऑफ कंडक्ट के आर्टिकल 7.6 के अनुसार, यदि किसी खिलाड़ी के खाते में 4 से 7 डिमेरिट पॉइंट जुड़ते हैं, तो उसे एक मैच के लिए निलंबित किया जाएगा।

## भारत की बायोइकोनॉमी बीते 10 वर्षों में 16 गुना बढ़कर 165.7 अरब डॉलर हुई : केंद्रीय मंत्री


**नई दिल्ली( एजेंसी )।** भारत की बायोइकोनॉमी में बीते 10 वर्षों में 16 गुना का इजाफा हुआ है और यह 2024 में बढ़कर 165.7 अरब डॉलर की हो गई है, जो कि 2014 में 10 अरब डॉलर थी। यह जानकारी सरकार द्वारा शुक्रवार को दी गई। केंद्रीय मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने राष्ट्रीय राजधानी में बीआईआरएसी के स्थापना दिवस समारोह में कहा कि यह तेज वृद्धि भारत के भविष्य के आर्थिक विकास के प्रमुख स्तंभ के रूप में बायोटेक्नोलॉजी को बढ़ावा देने की सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। डॉ सिंह ने 'आईबीईआर 2025' रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा, "केवल 10 वर्षों में भारत की बायो-इकोनॉमी 10 अरब डॉलर से बढ़कर 165.7 अरब डॉलर हो गई है, जो 2025 तक 150 अरब डॉलर के हमारे शुरुआती लक्ष्य से कहीं अधिक है।" रिपोर्ट में कहा गया कि यह सेक्टर कुल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 4.25 प्रतिशत का योगदान दे रहा है। पिछले चार वर्षों में इस सेक्टर ने 17.9 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) दिखाई है, जो वैश्विक बायोटेक पावरहाउस के रूप में भारत की क्षमता को दर्शाता है। केंद्रीय मंत्री ने बायोसारथी का भी अनावरण किया, जो एक ग्लोबल मेंटरशिप पहल है जिसका उद्देश्य बायोटेक स्टार्टअप को बढ़ावा देना है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह पहल इनोवेशन को बढ़ावा देकर, उद्योग-अकादमिक सहयोग को बढ़ाकर और भारतीय स्टार्टअप को वैश्विक सफलता के लिए तैयार करके भारत के बायोटेक इकोसिस्टम को मजबूत करेगी। इस पहल के तहत विदेशी विशेषज्ञों, विशेषकर भारतीय प्रवासियों को इंटरनेशनल मेंटर के रूप में शामिल किया जाएगा, जो समाज को योगदान देने के लिए स्वेच्छा से आगे आएंगे।

## आईपीएल 2025 : एक बार फिर दमदार नजर आ रही है मुंबई इंडियंस, जानें टीम की ताकत और कमजोरी



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** मुंबई इंडियंस की टीम चेन्नई सुपर किंग्स के साथ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की सबसे सफल टीम में शामिल है। हालांकि पिछले कुछ सीजन मुंबई इंडियंस के लिए बहुत अच्छे नहीं रहे हैं और पिछले सीजन में तो उनके लिए रोहित शर्मा को हटाने का फैसला भी फैंस के गले पूरी तरह से नहीं उतरा था। इसका प्रभाव कहीं न कहीं टीम के मनोबल पर भी पड़ा। लेकिन आईपीएल 2025 में एमआई पुरानी अस्थिरता को पीछे छोड़कर एक दमदार सीजन के लिए तैयार नजर आ रही है। पिछले चार सीजन में दो बार अंक तालिका में सबसे निचले पायदान पर नजर आने वाली एमआई इस बार कप्तान हार्दिक पांड्या के साथ कहीं अधिक आत्मविश्वास से भरपूर है। हार्दिक इस दौरान दो बार आईसीसी प्रतियोगिताओं में महत्वपूर्ण प्रदर्शन कर चुके हैं। टी20 विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी में भारत हार्दिक पांड्या के अहम रोल और रोहित शर्मा की कप्तानी में विजयी बना है। हार्दिक के साथ रोहित एमआई लीडरशिप का अहम हिस्सा हैं। फैंस में हार्दिक की स्वीकार्यता बढ़ी है और टीम ने नीलामी में जो खिलाड़ी रिटेन किए हैं, उससे पता चलता है कि एमआई के कोर ग्रुप में हार्दिक पांड्या की कप्तानी को लेकर सहजता है। एमआई ने इस बार नीलामी में ट्रेंट बोल्ट को लेकर जसप्रीत बुमराह के साथ बेहतरीन पेस अटैक बनाया है। अगर पिछले दो सीजन में इन दोनों गेंदबाजों का पावरप्ले इकोनमी रेट केवल 6.5 का रहा है, जो दिखाता है कि दोनों की जोड़ी कितनी जबरदस्त साबित हो सकती है। बल्लेबाजी की बात करें तो रोहित शर्मा, तिलक वर्मा और सूर्यकुमार यादव जैसे तूफानी बल्लेबाजों का स्ट्राइक रेट संयुक्त तौर पर 150.62 का रहा है।

## ट्रंप के शुल्क से भारतीय आईटी क्षेत्र में मंदी की आशंका, लाखों नौकरियां खतरे में



**जयपुर( एजेंसी )।** भारत का आईटी उद्योग, जो अर्थव्यवस्था, रोजगार और निर्यात में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, अमेरिका द्वारा संभावित शुल्क के प्रभाव के लिए तैयार हो रहा है। भारत के आईटी उद्योग में बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग (बीपीओ) शामिल है। बीपीओ सूचना प्रौद्योगिकी सक्षम सेवाओं (आईटीईएस) उद्योग का हिस्सा है और भारत इस क्षेत्र में अग्रणी है। बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग (बीपीओ) का अर्थ है कंपनी के कार्यों के एक हिस्से को किसी तीसरे पक्ष को आउटसोर्स करना। बीपीओ को उप-अनुबंध भी कहा जाता है। इसका उपयोग विभिन्न कार्यों के लिए किया जाता है, जैसे कि ग्राहक सेवा, पेरोल, बिलिंग, बीमा दावा प्रसंस्करण, आदि। बीपीओ का उपयोग विभिन्न उद्योगों में किया जाता है, जैसे कि विनिर्माण, ई-कॉमर्स, स्वास्थ्य सेवा और वित्त। व्यापार अनुमानों के अनुसार, सूचना प्रौद्योगिकी और बिजनेस प्रोसेस मैनेजमेंट (आईटी-बीपीएम) क्षेत्र ने देश के 4.27 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में लगभग 7.5 प्रतिशत का योगदान दिया। ट्रम्प ने पहले ही भारत के इस्पात और एल्यूमीनियम उद्योग पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाया है और अमेरिकी राष्ट्रपति 2 अप्रैल से अधिक वस्तुओं और वस्तुओं पर शुल्क लगाने की संभावना है, जिसकी उन्होंने पहले ही घोषणा कर दी है। डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत के खिलाफ पारस्परिक शुल्क लगाने की बात कही है। उनके अनुसार, भारत दुनिया के सबसे अधिक शुल्क लगाने वाले देशों में से एक है, ट्रम्प ने बुधवार को रूढ़िवादी मीडिया आउटलेट ब्राइटबार्ट के साथ एक साक्षात्कार में कहा। आईटी क्षेत्र में रुचि रखने वाले भारतीय उद्यमी अजय डाटा ने कहा, आने वाले महीनों में अमेरिका में मंदी की संभावना बढ़ रही है। यदि शुल्क मंदी के साथ गहरा होता है, तो भारत के सबसे तेजी से बढ़ते व्यवसाय पर बुरा प्रभाव पड़ेगा। अमेरिका द्वारा शुल्क लगाने से भारत का आईटी उद्योग सबसे अधिक प्रभावित होगा। भारत के कुल निर्यात में आईटी उत्पादों और इंजीनियरिंग वस्तुओं की हिस्सेदारी सबसे अधिक है। ऐसी स्थिति में, शुल्क के कारण आईटी क्षेत्र की वृद्धि लगभग नीचे चली जाएगी, डाटा ने कहा। भारत का आईटी उद्योग हर साल 280 अरब डॉलर से अधिक का निर्यात करता है।

## आप भी अपने वीआई नंबर को करना चाहते है जीओ में पोर्ट, ये है आसान तरीका

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** अगर आप भी वोडाफोन आईडिया नंबर को जीओ में आसानी पोर्ट करने का सोच रहे हैं? तो चलिए बताते हैं कि आपको नंबर को पोर्ट करने के लिए किस नंबर पर मैसेज करना है और नंबर पोर्ट करने का पूरा प्रोसेस क्या है? बता दें कि ङ्क्ष्ढ 5त्र सर्विस को मुंबई में शुरू कर दिया गया है, कंपनी धीरे-धीरे बाकी शबहों में भी जल्द 5जी सर्विस को शुरू कर सकती है। वोडाफोन आइडिया की सिम इस्तेमाल करने वाले कुछ लोग 5जी सर्विस न मिल पाने की वजह से तो वहीं कुछ लोग नेटवर्क में दिक्कत आने के कारण नंबर पोर्ट करवा लेते हैं। आप नंबर पोर्ट करना चाहते हैं तो इसके लिए आपको सबसे पहले तो अपने नंबर से पोर्ट रिक्वेस्ट के लिए एक मैसेज भेजना होगा। मोबाइल नंबर पोर्ट करने से पहले आपको अपने नंबर से 1900 पर मैसेज भेजना होता है। मैसेज में कैपिटल अक्षरों में क्क्रञ्ज लिखने के बाद स्पेस देकर अपना मोबाइल नंबर लिखकर मैसेज पड़ता है। उदाहरण- क्क्रञ्ज 1234567890 (नंबर) लिखकर मैसेज भेज दें, आपको यहां वो नंबर डालना है जिसे आप पोर्ट करना चाहते हैं। जैसे ही 1900 पर मैसेज भेजेंगे आप लोगों को एक मैसेज रिसीव होगा, इस मैसेज में आप लोगों को यूनिक पोर्ट कोड मिलेगा, ये क्कष्ट कोड आपको एक्सपायरी डेट के साथ मिलेगा। इस कोड के साथ आप लोगों को अपने घर के नजदीकी जियो स्टोर पर जाना होगा। कोड ही नहीं बल्कि आपको एड्रेस प्रूफ, आधार कार्ड और आईडी प्रूफ भी साथ लेकर जाना होगा, तभी आपको जियो कंपनी की सिम मिलेगी। जैसे ही आप डॉक्यूमेंट्स की फोटो कॉपी और कोड सबमिट करेंगे, पोर्ट प्रोसेस शुरू हो जाएगा। नया नंबर एक्टिव होने में कुछ वक्त लग सकता है, लेकिन ध्यान दें कि जब तक आपका जियो नंबर एक्टिव नहीं हो जाता आप लोगों का वीआई नंबर एक्टिव रहेगा। जियो नंबर के एक्टिव होते ही वीआई कंपनी की सिम चलनी बंद हो जाएगी।

## शब्द सामर्थ्य -360

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. हृदर, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बबार्दी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अरेही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | | ■ | | ■ | 6 | | |
| ■ | 7 | | | | ■ | | ■ | |
| 8 | | ■ | ■ | | ■ | 9 | 10 | |
| | ■ | ■ | ■ | 11 | 12 | ■ | | ■ |
| 13 | | | 14 | ■ | 15 | | | ■ |
| | ■ | ■ | 16 | 17 | | ■ | 18 | 19 |
| ■ | 20 | ■ | ■ | | ■ | 21 | ■ | |
| 22 | | | | | ■ | 23 | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 359 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | स्त | ■ | मु | ■ | सं | स्था | न | ■ |
| ग | ■ | म | र्दा | न | गी | ■ | त | म |
| ली | प | ना | ■ | ■ | त | न | ■ | ■ |
| ■ | ना | ना | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | ■ |
| मा | ह | ■ | रा | ■ | सा | ज | न | ■ |
| न | ■ | स | ह | दे | व | ■ | म | द |
| व | ■ | म | ■ | व | न | ज | ■ | ल |
| ता | क | त | व | र | ■ | मी | ■ | द |
| ■ | ल | ल | क | ■ | क | र | त | ल |

## सू- दोकू क्र.360

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है, जिसमें 9 वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.359 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |


श्रीमती द्रौपदी मुर्मु
माननीय राष्ट्रपति, भारत
छत्तीसगढ़ विधानसभा के
"रजत जयंती वर्ष"
के अवसर पर
छत्तीसगढ़ आगमन पर
हार्दिक स्वागत
एवं अभिनंदन
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
हमसे जुड़ने के लिए
QR स्कैन करें
हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे
ChhattisgarhCMO
DPRChhattisgarh
www.dprcg.gov.in
SAMVAD- 43316/ 100